संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 12 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 100 पृष्ठ: 10 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह असम में जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

GOVT. OF PUNJAB

# एक साल पंजाब दे नाल

## ईमानदार सरकार
## राजस्व का बढ़ता ग्राफ़



**₹2587 करोड़ वृद्धि**
आबकारी राजस्व में

**16% वृद्धि**
जी.एस.टी.कलेक्शन में

**26% वृद्धि**
भू राजस्व विभाग की आय में



**भगवंत मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# राज्य सूचना आयोग में नियुक्ति को हरी झंडी

**राज्य सूचना आयुक्त और सदस्यों के लिए 150 से अधिक लोगों ने आवेदन किया था**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा में जल्द ही राज्य सूचना आयोग में नियुक्तियां की जाएंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इसके लिए हरी झंडी दे दी है। सरकार की ओर से 3 नामों की अनुशंसा कर मंजूरी के लिए हरियाणा गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय को भेज दिए गए हैं। जल्द ही इन नामों की सरकार की ओर से घोषणा की जाएगी। राज्य सूचना आयुक्त और सदस्यों के लिए 150 से अधिक लोगों ने आवेदन किया था।

**इन तीन नामों पर बनी सहमति**
हरियाणा में राज्य सूचना आयुक्त के तीन पदों पर मंथन के बाद तीन नामों पर सहमति बनी है। इनमें के मेंबर रह चुके कुलबीर छिकारा के साथ ही हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन रह चुके जगबीर सिंह और राजस्थान से संबंध रखने वाले छत्तरपाल शेखावत का नाम शामिल है। इन नियुक्तियों में नेता प्रतिपक्ष और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की भी सरकार ने सहमति ली है। दिल्ली रवाना होने से ठीक पहले हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में राज्य सूचना आयोग के संदर्भ में मीटिंग बुलाई गई। बैठक में कमेटी के सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के अलावा मुख्य सचिव संजीव कौशल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस मीटिंग में 3 नामों पर सहमति के बाद राजभवन को भेजा गया है।

**कमेटी ने दिए थे 9 नाम**
बैठक के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि राज्य सूचना आयोग में आयुक्त और सदस्यों की नियुक्ति के लिए की गई मीटिंग की गई थी। आयोग में तीन खाली पड़े पदों के लिए सरकार के पास 150 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया था। इन आवेदनों में से मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने स्क्रूटनी कर 9 नाम तय किए थे। इन 9 नामों में से 3 नामों की अनुशंसा कर मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास सरकार ने भेज दिए हैं।

**6 पद चल रहे हैं खाली**
हरियाणा में राज्य सूचना आयुक्त के छह पद खाली चल रहे हैं। अब सरकार इनमें से तीन पर नियुक्तियां करने जा रही है। राज्य सूचना आयुक्त बनने के लिए कई रिटायर्ड अधिकारी लाइन में हैं, जबकि भाजपा व जजपा नेताओं ने भी इसके लिए अपने लोगों को एडजस्ट करने के लिए दिल्ली तक दौड़ लगाई।

**आवेदन की 14 मार्च थी लास्ट डेट**
राज्य सूचना आयोग में तीन पदों के लिए सरकार ने 14 मार्च तक आवेदन मांगे थे। सितंबर 2022 में सूचना आयुक्त के दो रिक्त पदों को भरने की कवायद प्रदेश सरकार द्वारा शुरू गई थी। अब इस संख्या को बढाकर तीन कर दिया गया है,

# आप ने खराब हुई गेहूं की फसल की विशेष गिरदावरी को लेकर सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आम आदमी पार्टी** ने बारिश व ओलावृष्टि से बर्बाद हुई गेहूं की फसल की समय पर विशेष गिरदावरी नहीं करवाने और अनाज मंडियों में गेहूं की सुचारू रूप से खरीद नहीं होने के विरोध में मंगलवार को लघु सचिवालय प्रांगण में सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। उसके उपरांत आप नेता कृष्ण अग्रवाल, सुखबीर मलिक और राकेश चुघ के नेतृत्व में डीआरओ डा. राजकुमार भौरिया को मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नाम ज्ञापन सौपा गया। इस मौके पर आप नेताओं ने कहा कि पूरे प्रदेश में इस बार करीब 20 लाख एकड़ फसल को बारिश व ओलावृष्टि से नुकसान हुआ है। इसके लिये सरकार ने स्पेशल गिरदावरी करने के आदेश दिये थे लेकिन करीब 10 दिनों में अब तक करीब 2.50 लाख एकड़ की ही गिरदावरी हुई है और अब करीब 17.50 लाख एकड़ की बचे हुए पांच दिनों में गिरदावरी होना संभव ही नहीं लग रहा है। जबकि गिरदावरी नहीं होने से खेतों में गिरी हुई गेहूं की फसल का दाना भी काला पड? लगा है। आप नेताओं का आरोप है कि सरकार जानबुझकर गिरदावरी करवाने में देरी कर रही है ताकि कम किसानों को मुआवजा देना पड़े। वहीं गेहूं का सीजन अब पीक पर है लेकिन अनाज मंडियों में गेहूं की सुचारू रूप से खरीद नहीं हो रही है। खरीद नहीं होने पर किसानों को रातभर अपने गेहूं की ढेरियों की अनाज मंडियों में रखवाली करनी पड़ रही है। आप नेता कृष्ण अग्रवाल, सुखबीर मलिक व राकेश चुघ ने संयुक्त रूप से कहा कि अब देरी किया बिना ही पोर्टल के हिसाब से किसानों को खराब हुई फसल का मुआवजा दिया जाये। इस अवसर पर प्रमोद गुप्ता, नीलम प्रणामी, दीपक बग्गा, हरीश सलूजा, राजकुमार मुंडे, अनिल पांडेय, अनिल शर्मा, योगेश कौशिक, असद व मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पावन प्रकाश दिवस श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**गुरुद्वारा** श्री गुरु तेग बहादुर राज महला सोनीपत में श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी का पावन प्रकाश दिवस श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर रविवार को गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ साहिब आरंभ किया गया। आज अखंड पाठ साहब की समाप्ति के बाद स्त्री सत्संग सभा के सदस्यों द्वारा सुखमणि साहब का पाठ किया गया उपरांत गुरुद्वारा साहिब के हजूरी जत्थे द्वारा कीर्तन किया गया एवं अजीत पाल सिंह बैंकॉक वाले आए और उन्होंने गुरबाणी कीर्तन संगत को श्रवण कराया । गुरुजी ने अपने जीवन काल में बहुत ही विरागमई बाणी की रचना की गुरुजी के जीवन का शिखर धर्म की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देना था । गुरुद्वारा साहब के ट्रस्टी सरदार परमजीत सिंह ने संगत को इस अवसर पर बधाई दी इस अवसर पर सरदार जसवीर सिंह सरदार अमरीक सिंह श्री सुभाष चंद्र जी एवं गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## 14 अप्रैल को लॉन टेनिस चैंपियनशिप के लिए होंगे ट्रायल

**सोनीपत: 21 अप्रैल** से 23 अप्रैल 2023 तक सोनीपत में होने वाली हरियाणा राज्य लॉन टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए सोनीपत जिले की टीम के ट्रायल 14 अप्रैल को होंगे। जिसमें सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर व एकल वर्ग के अंडर-12, 14, 16, 18 आयु वर्ग के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। बालक व बालिका दोनों वर्गों के ट्रायल सुबह 9 बजे से शुरू होंगे। सभी खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म तिथि का कोई भी प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य किया गया है।

# 'उचित परामर्श भविष्य कार्य योजना के लिए लाभदायक'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत /गोहाना**
हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्रों की स्थापना के अंतर्गत आज गोहाना उपमंडल स्थित बाल भारती विद्यापीठ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों उनके शिक्षकों एवं अभिभावकों हेतु मनोवैज्ञानिक प्रेरणा एवं समस्या निदान करने हेतु जिला सोनीपत के 17वें तथा राज्य के 149वें मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र की स्थापना करते हुए मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी, अनिल मलिक ने कहा कि समय रहते बाल मन को समझ कर समस्या समाधान करते हुए प्रेरणादाई वातावरण में उचित परामर्श भविष्य कार्य योजना के लिए लाभदायक तथा किशोरों को विभिन्न समस्याओं से निदान हासिल करने में सहायक भी सिद्ध हो सकता है ' इस अवसर पर लीक से हटकर भावनाओं का एहसास बाल सशक्तिकरण की ओर सशक्त कदम विषय पर एक सेमिनार में उपस्थित किशोर विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों को संबोधित करते हुए अनिल मलिक ने कहा कि लीक से हटकर यानी आउट ऑफ बॉक्स जिसे लेटरल थिंकिंग या अपरंपरागत तरीके से या चीजों को नए नजरिए से देखना भी कहा जाता है मतलब रचनात्मक सोच ' हमें किसी भी फैसले को लेते हुए एक बार खुद को रोक कर सोचना चाहिए कि समस्याओं का समाधान कहीं हमारी सोच के बॉक्स के बाहर तो नहीं है '
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परामर्शदाता नीरज कुमार ने कहा कि धैर्य पूर्वक सुन समझ कर अंतिम निर्णय लेना चाहिए, समस्याओं की अभिव्यक्ति जरूरी है ' कार्यक्रम की सयुक तअध्यक्षता करते हुए स्कूल प्रिंसिपल सुमन कौशिक व हरिपरकाश गोड ने कहा कि आज के सेमिनार से यह भरोसा जगा है कि मनोवैज्ञानिक प्रेरणा शक्ति हर समस्या से बाहर निकल कर आगे बढ़ने का हौसला पैदा करती है '

# नाला ओवरफ्लो होकर सडक पर भरा पानी



**न्यू हैंडलूम मार्किट आदि के हैंडलूम व्यापारियों व ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत इंडिया।** पानीपत में एसडी कालेज रोड पर पिछले करीब 15 दिनों से नाला ओवरफ्लो होकर सडक पर गंदा पानी भरा हुआ है। जिससे एसडी कालेज रोड मार्किट, गुरूनानक मार्किट, अमर भवन चौक मार्किट व न्यू हैंडलूम मार्किट आदि के हैंडलूम व्यापारियों व ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन मार्किटों में 500 से भी ज्यादा हैंडलूम की दुकानों व शोरूम है और इन्हीं मार्किटों में हैंडलूम के उत्पाद खरीदने के लिये पानीपत व हरियाणा प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश से काफी संख्या में ग्राहक और हैंडलूम व्यापारी माल खरीदने के लिये आते है। वहीं मंगलवार को हरियाणा व्यापार मंडल के जिला प्रधान एवं हैंडलूम व्यापारी राकेश चुघ, एसडी कालेज रोड मार्किट प्रधान सुखदेव कालड़ा, सचिव तरूण नागपाल व हैंडलूम व्यापारी किशोर संदुजा, श्याम बरेजा व राजेश अरोडा आदि ने कहा कि करीब 15 दिनों से एसडी कालेज रोड की एंट्री पर ही नाला ओवरफ्लो होकर गंदा पानी भर रहा है लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नही हुआ है। हैंडलूम व्यापारियों ने कहा कि शहर की सफाई के लिये करीब 7.50 करोड रूपए हर माह खर्च होते है पर करोडों रूपए रोजाना का राजस्व देने वाली हैंडलूम मार्किटों की एंट्री पर ही भरने वाले पानी का कोई समाधान नहीं किया गया। वहीं हैंडलूम व्यापारियों ने जिला व नगर निगम प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो सभी व्यापारी धरना प्रदर्शन करने के लिये मजबूर होगे।

## ईओ से मीटिंग करके करवाया सेक्टरों की समस्याओं से अवगत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हुडा** सेक्टरों की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने सेक्टरों की समस्याओं के समाधान को लेकर मंगलवार को हुडा के सेक्टर 18 स्थित कार्यालय में ईओ विवेक मल्हौत्रा व अन्य अधिकारियों के साथ मीटिंग की और हुडा सेक्टरों की समस्याओं से अवगत करवाया। मीटिंग में हुडा सेक्टरों के संयोजक बलजीत सिंह और सेक्टर 6, 7, 11-12, 13-17, 18, 24 व 40 के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभी पदाधिकारियों ने ईओ से कई सेक्टरों में टूटी सडकों की रिपेयर करवाने, खराब पड़ी स्ट्रीट लाईटों को ठीक करवाने और जिन सेक्टरों में कम्यूनिटी सैंटर नहीं बने है, उनमें बनवाने की मांग की गई।

# भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई



**भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एम. ए प्रथम वर्ष इतिहास से हरनाम सिंह, दूसरे स्थान पर एम. ए प्रथम वर्ष इतिहास से गुरुदेव व बी. ए प्रथम वर्ष से रिंकल तृतीय स्थान पर रहे**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
देशबंधु राजकीय महाविद्यालय पानीपत में आज महात्मा ज्योतिबा फुले व डॉ. भीम राव अम्बेडकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में इतिहास विभाग, समाजशास्त्र विभाग, एन.एस. एस यूनिट व विशेष दिवस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. अम्बेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन संघर्ष व राष्ट्र निर्माण में दोनों के योगदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रिंसिपल मैडम श्रीमती संजू अबरोल ने की व कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार, इतिहास विभाग और मिस्टर तकदीर सिंह समाजशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ सोनिया दहिया,डॉ कुसुम व डॉ ज्योति शर्मा शामिल रही। इस प्रतियोगिता में 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने डॉ अम्बेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले के शिक्षा सम्बंधित विचारों पर बल दिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एम. ए प्रथम वर्ष इतिहास से हरनाम सिंह, दूसरे स्थान पर एम. ए प्रथम वर्ष इतिहास से गुरुदेव व बी. ए प्रथम वर्ष से रिंकल तृतीय स्थान पर रहे। विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान डॉ रितु नेहरा, डॉ सरोज चौहान, डॉ स्नेहलता, डॉ. श्रीराम शर्मा, डॉ.दीप्ति गाबा प्रभारी एन. एन. एस,डॉ दलबीर देसवाल, डॉ. शिवम धवन,अनिल सहित महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

# पानीपत पहुंचे मध्यप्रदेश के सह प्रभारी राहुल का किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया। पानीपत**
पानीपत शहरी विधानसभा में मध्य प्रदेश के सह प्रभारी राहुल जोगी पहुंचे, इस दौरान पानीपत शहरी विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल ने अपने कार्यालय में पहुंचने पर मध्य प्रदेश के सह प्रभारी राहुल जोगी का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने बताया कि आज पानीपत शहर विधानसभा में राहुल गांधी के निदेर्शानुसार हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को लेकर मध्य प्रदेश के प्रभारी राहुल जोगी के दर्जनों कार्यक्रम रहे। जहां सह प्रभारी राहुल जोगी द्वारा राहुल गांधी के विचारों को जनता तक पहुंचाने का काम किया गया। वही सारे कार्यक्रम खत्म करके मध्यप्रदेश के सह प्रभारी राहुल जोगी पानीपत शहरी विधानसभा के कांग्रेस कार्यालय में पहुंचे जहां पानी पर शहरी विधानसभा के कार्यकताओं एवं पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल द्वारा पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया ।वहीं राहुल जोगी ने बताया कि मैं जब भी पानीपत पहुंचता हूं मुझे इसी तरह से कांग्रेस पार्टी के सच्चे साथियों द्वारा इतना प्यार दिया जाता है। जिसका मैं सदैव ही ऋणी रहूंगा। वहीं राहुल जोगी ने बताया कि जिस प्रकार से आज पूरे देश में बीजेपी द्वारा हर रोज महंगाई बढ़ाकर गरीब लोगों के साथ गलत कर रही है ऐसे में यह बहुत ही निंदनीय कार्य है। हरियाणा की बात करें तो जिस प्रकार से आज मजदूर से लेकर किसान तक किसान से लेकर जवान तक हर व्यक्ति बीजेपी की गलत नीतियों के कारण आज तकलीफ झेल रहा है।
परंतु 2024 के आने वाले चुनाव में पूर्ण रूप से कांग्रेस पार्टी की जीत होने जा रही है। वहीं कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार से आज पानीपत शहरी विधानसभा के अंदर दिन प्रतिदिन भ्रष्टाचार बढ़ रहा है

# स्व.सतबीर कादियान ने जीवन भर किया सेवा का कामः दिग्विजय चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**
हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर एवं इफको के पूर्व चेयरमैन स्व. सतबीर सिंह कादियान की दूसरी पुण्यतिथि पर सेक्टर 11 स्थित अनके आवास पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जजपा सहित विभिन्न पार्टियों के नेताओं व कार्यकर्ता और शहर के अनेकों संगठनों के पदाधिकारियों ने पहुंचकर स्वर्गीय चौ. सतबीर सिंह कादियान की फोटो पर पुष्प अर्पित करके याद किया गया। जजपा के प्रदेश संगठन सचिव एवं उनके पुत्र देवेंद्र सिंह कादियान ने हवन कर परिवार सहित उनको पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जजपा के प्रदेश महासचिव दिग्विजय चौटाला ने भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचकर स्व. सतबीर कादियान को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि चौधरी सतबीर कादियान जी ने जीवन भर लोगों की सेवा करने का काम किया और पार्टी कार्यकताओं को उन्होंने सदैव मान सम्मान देने का काम किया। चौ. सतबीर कादियान के घर के दरवाजे 24 घंटे कार्यकताओं की सेवा के लिये खुले रहते थे।

# क्राइम जागरूकता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## साइबर क्राइम के प्रकारों, इन्हें करने के तरीकों और इनसे बचने के उपायों पर विस्तृत और व्यवहारिक ज्ञान और प्रशिक्षण दिया।



**सन्नी त्यागी साइबर क्राइम इन्वेस्टीगेशन विशेषज्ञ ने व्यावहारिक ज्ञान देते हुए छात्र.छात्राओं के साथ जीवंत संवाद किया और उनके सवालों के सटीक जवाब दिए**

**साइबर अपराध एक ऐसा अपराध है जिसमें कंप्यूटर, आईओटी, मोबाईलए टेब और नेटवर्क इत्यादि शामिल होते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में साइबर क्राइम जागरूकता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि धरमबीर डीएसपी हेड क्वार्टर पानीपत ने शिरकत की। अतिविशिष्ट मेहमान के तौर पर मोहम्मद माजिद हुसैन एसएचओ पानीपत और धर्मवीर एडिशनल एसएचओ साइबर क्राइम कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उनके साथ पीएसआई दीपक कुमार, सुशील मलिक एएसआई और एचएस साइबर थाना सुनील कुमार भी मौजूद रहे। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन साइबर थ्रेट हरियाणा के संस्थापक एवं हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश पुलिस के साइबर कंसलटेंट सन्नी त्यागी रहे। जिन्होंनें साइबर क्राइम के प्रकारों, इन्हें करने के तरीकों और इनसे बचने के उपायों पर विस्तृत और व्यवहारिक ज्ञान और प्रशिक्षण दिया। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, वाईक्यूएसी सेल के समन्वयक एवं एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी डॉ.राकेश गर्ग और डॉ.संतोष कुमारी ने पुष्प रोपित गमलें भेंट करके किया। सन्नी त्यागी साइबर क्राइम इन्वेस्टीगेशन विशेषज्ञ ने व्यावहारिक ज्ञान देते हुए छात्र.छात्राओं के साथ जीवंत संवाद किया और उनके सवालों के सटीक जवाब दिए। विकास अग्रवाल ने पूछा कि यदि ओटीपी की मदद से कोई हमारे पैसे निकाल ले तो हमें क्या करना चाहिए। इसके जवाब में सन्नी त्यागी ने कहा कि हमें बिना वक्त गवाएं 1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करनी चाहिए। धर्मबीर डीएसपी हेड क्वार्टर पानीपत ने कहा कि साइबर अपराध एक ऐसा अपराध है जिसमें कंप्यूटर, आईओटी, मोबाईलए टेब और नेटवर्क इत्यादि शामिल होते हैं। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि बहुत से लोग सोशल नेटवर्किंग साइटों पर सामाजिक, वैचारिक, धार्मिक और राजनैतिक अफवाह फैलाने का काम करते हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 100 पृष्ठ: 10 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

# चाहे जेल में डाल दें, सवाल पूछता रहूंगा: राहुल

कोई ऐसे देश में नहीं रहना चाहता, जिसे सिर्फ कुछ गिने-चुने लोग चलाएं। वो लोग जितना दुष्ट बनना चाहें बनें, निर्दयी बनेंगे, मैं उतना ही सज्जन बनूंगा: राहुल गांधी

### बीजेपी से नहीं डरता

● मेरी संसद की सदस्यता छीन ली गई। मेरा घर छीन लिया, मेरे पीछे पुलिस लगा दी, लेकिन इन सब से मुझे फर्क नहीं पड़ता है



**टीम एक्शन इंडिया/वायनाड**
**सांसदी** छीने जाने के बाद पहली बार राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड पहुंचे। उन्होंने कहा- मेरी संसद की सदस्यता छीन ली गई। मेरा घर छीन लिया, मेरे पीछे पुलिस लगा दी, लेकिन इन सब से मुझे फर्क नहीं पड़ता है। वो मुझे जेल में भी डाल दें फिर भी मैं सवाल पूछता रहूंगा। 4 साल पहले मैं यहां आया था और यहां से सांसद बना। मेरे लिए यहां चुनाव प्रचार करना सबसे अलग था। मैं केरल का रहने वाला नहीं हूं, लेकिन आपके प्यार ने मुझे महसूस कराया कि मैं आपका भाई, आपका बेटा हूं। वायनाड के लोग, देश के लोग स्वतंत्र भारत में रहना चाहते हैं। जहां उनके बच्चों को कुछ भी सीखने, करने के लिए स्वतंत्र हो। कोई ऐसे देश में नहीं रहना चाहता, जिसे सिर्फ कुछ गिने-चुने लोग चलाएं। वो लोग जितना दुष्ट बनना चाहें बनें, निर्दयी बनेंगे, मैं उतना ही सज्जन बनूंगा। भाजपा देश के सिर्फ एक विजन को पेश कर रही है, लेकिन हम देश के असली विजन को लेकर चल रहे हैं। मैं संसद में गया और पीएम से पूछा अडाणी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताइए। 2014 के बाद अमीरों की लिस्ट में अडाणी 2 नंबर पर कैसे आ गए? मैंने बताया कि अडाणी की मदद के लिए भारत और इजराइल के रिश्ते बदल गए। वो मुझे जितना परेशान करेंगे, उससे पता चलेगा कि मैं सही राह पर हूं।

### पूरी सरकार एक शख्स को बचा रही: प्रियंका

**प्रियंका** ने संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि देश के मंत्री, सांसद और मंत्री एक नागरिक को परेशान कर रहे हैं, जो सवाल पूछ रहा है क्योंकि उनके पास राहुल के सवालों के जवाब नहीं है। पूरी सरकार एक शख्स को बचाने में लगी है जिसका नाम है गौतम अडाणी।

## 'मैं भाई के परिवार से बात करने आई हूं'

**राहुल** से पहले, प्रियंका गांधी ने कहा- मैं यहां आकर खुश हूं। यह बहुत भावुक दौरा है जब मैं अपने भाई के साथ वायनाड आई हूं। कल मैं उनके घर से उसका फर्नीचर पैक कर रही थी। जब तक नई जगह नहीं मिल जाती वो मां के साथ रहेंगे। कुछ सालों पहले मैंने भी यही समय देखा, जब मुझे घर बदलना पड़ा था। मेरे बच्चों और पति ने मेरी मदद की, लेकिन मेरे भाई के न बच्चे हैं और न ही परिवार। मैं स्पीच देने में अच्छी नहीं हूं। इंग्लिश भी अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा कि वायनाड आपका परिवार है, उनसे अपने परिवार की तरह बात करना बस। तो आज मैं अपने भाई के परिवार से बात करने आई हूं। आपको पता है कि वो (राहुल) सच्चा आदमी है, जो बिना डर के सच बोलता है।



लोग उसे चुप कराना चाहते हैं वो फिर भी बोलता है। आप जानते हैं कि वो हमेशा आपकी बात सुनता है आपसे बात करता है आपकी मदद के लिए खड़ा रहता है।

## चीन ने भूटान के एमो चू में 1000 घर बनाए

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
**चीन** ने भूटान के एमो चू में अपने सैनिकों के लिए 1000 घर बनाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये अब भारतीय सेना के लिए परेशानी की बात है। क्योंकि ये सभी इमारतें चीन और भारत के बीच वाले हिस्से डोकलाम से बेहद करीब हैं।
**ये वही जगह जहां 2017 में भारत-चीन के बीच सैन्य गतिरोध हुआ**: दरअसल अमो चू डोकलाम के पास है, जहां से भारत का सिलीगुड़ी कॉरिडोर चीन की पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) की सीधी रेखा में है। यह भारत-चीन-भूटान डोकलाम ट्राई-जंक्शन से कुछ दूरी पर है। इसी जगह बीजिंग के रोड कंस्ट्रकशन को लेकर 2017 में भारत और चीन के बीच सैन्य गतिरोध हुआ था।
रिपोर्ट के मुताबिक, चीन का अपनी सेना के लिए डोकलाम के करीब घर बनाने के पीछे एक बड़ा मकसद है। वह इसके जरिए उसी रिज तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## अमृतपाल का साथी पपलप्रीत सिंह को भेजा डिब्रूगढ़ जेल



टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर
**वारिस** पंजाब दे के मुखी अमृतपाल सिंह के सबसे करीबी साथी पपलप्रीत सिंह को मंगलवार सुबह 5:45 पर असम भेज दिया गया। वहां उसे अमृतपाल सिंह के 8 अन्य साथियों के साथ डिब्रूगढ़ जेल में रखा जाएगा। पंजाब पुलिस ने पपलप्रीत पर नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। असम पहुंचे पपलप्रीत सिंह ने कहा कि वह अमृतपाल सिंह के बारे में नहीं जानता। वह कहां है, इसकी जानकारी भी उसके पास नहीं है। अमृतपाल सिंह और वह 28 मार्च को एक दूसरे से अलग हो गए थे। इसके बाद उसका अमृतपाल सिंह के साथ कोई कॉन्टेक्ट नहीं हुआ। वहीं दूसरी तरफ, खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के साथियों की हाईकोर्ट में दायर की गई याचिकाओं के बारे में पंजाब सरकार ने अपना जवाब दे दिया है।

## मनीष कश्यप मामले में बिहार-तमिलनाडु सरकार तलब



टीम एक्शन इंडिया/पटना
**यूट्यूबर** मनीष कश्यप मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बिहार और तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया है। दोनों राज्यों में दर्ज केस क्लब करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार और तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा है। अब इस मामले में 21 अप्रैल को सुनवाई होगी। दायर अपील में बिहार और तमिलनाडु समेत दूसरे राज्यों में मनीष कश्यप के खिलाफ दर्ज सभी केस को क्लब किए जाने की मांग की गई है।
ऐसी स्थिति में वकील एपी सिंह की तरफ से एक याचिका मनीष कश्यप के लिए 5 अप्रैल को ही सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी। इसी याचिका के जरिए जल्द सुनवाई करते हुए मनीष कश्यप के ऊपर दर्ज सारे केस को एक जगह पर किए जाने की मांग हुई है।

## कांग्रेस सुधरी नहीं तो साफ हो जाएगी: शाह



**टीम एक्शन इंडिया/डिब्रूगढ़**

### निशाने पर कांग्रेस

● राहुल बाबा अभी भी समझ जाओ अभी नार्थ ईस्ट में सूपड़ा साफ हुआ है: अमित शाह

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को असम में कहा कि मेरे जिगर के टुकड़ों युवा भाइयो-बहनों, मुझे आने में देर हुई इसके लिए मैं माफी मांगता हूं। पहले नॉर्थ ईस्ट कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। राहुल बाबा ने पूरे देश की यात्रा की, लेकिन त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय के चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। वे विदेश जाकर देश की बुराई करते हैं, राहुल बाबा अभी भी समझ जाओ अभी नार्थ ईस्ट में सूपड़ा साफ हुआ है। अगर वे इसी राह पर चले तो कांग्रेस का देश से सूपड़ा साफ हो जाएगा।
**डिब्रूगढ़ में बीजेपी कार्यालय का शिलान्यास किया**: अमित शाह ने असम के डिब्रूगढ़ में बीजेपी के कार्यालय का शिलान्यास किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए आज असम आसपास के राज्यों के साथ अपने सीमा से जुड़े विवाद को खत्म कर रहा है। बीजेपी सरकार बनने के बाद यहां 41 हजार से ज्यादा लोगों को नौकरी दी गई। राज्य में 12 मेडिकल कॉलेज बन गए हैं और 12 मेडिल कॉलेज बनने वाले हैं। बिहू त्योहार के दिन मोदी जी असम को एम्स भी देने वाले हैं। गृह मंत्री ने कहा कि एक जमाने में असम आंदोलन और आतंकवाद से पीड़ित था। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज असम विकास की राह पर है।

## गहलोत सरकार के खिलाफ अनशन पर बैठे सचिन पायलट

सालभर से सीएम से भ्रष्टाचार पर एक्शन की मांग कर रहा था, संघर्ष जारी रहेगा

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**राजस्थान** के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का अपनी ही सरकार के खिलाफ एक दिन का अनशन 5 घंटे में ही खत्म हो गया। मंगलवार शाम करीब पौने 4 बजे समर्थकों ने मिठाई खिलाकर पायलट का अनशन तुड़वाया। अनशन खत्म होने के बाद पायलट ने कहा कि मैंने सिर्फ करप्शन पर कार्रवाई के मकसद से अनशन रखा था। यदि बात संगठन की होती तो मैं संगठन से बात करता। साल भर से मैं मुख्यमंत्री से मांग कर रहा था। पायलट ने कहा कि करप्शन के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी रही है तो कार्रवाई भी होनी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि कार्रवाई जरूर होगी। करप्शन के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा, हम चाहते हैं कि देश और प्रदेश में स्वच्छ राजनीति हो।




### अपनों को घेरा

● मैंने सिर्फ करप्शन पर कार्रवाई के मकसद से अनशन रखा था। यदि बात संगठन की होती तो मैं संगठन से बात करता


**पायलट बोले- पुराने प्रभारी को लेटर मार्क किए थे**: सचिन पायलट ने बीजेपी राज के करप्शन पर प्रभारी रंधावा से बात नहीं करने के सवाल पर कहा कि रंधावा अभी नए प्रभारी बने हैं।

## किसान के बेटों से शादी पर महिलाओं को 2 लाख देंगे: जेडीएस

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** के पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि किसानों के बेटों से शादी करने वाली महिलाओं को उनकी पार्टी दो लाख रुपए देगी। कुमारस्वामी ने यह बात कोलार में एक रैली में कही। कुमारस्वामी ने कहा कि मुझे एक याचिका मिली है कि लड़कियां किसानों के बेटों से शादी करने के लिए तैयार नहीं हैं।

## वायरल फीवर से भी कम बीमार कर रहा कोरोना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कोरोना** के बढ़ते मामलों के बीच देश के महामारी विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार संक्रमण काफी कमजोर दिख रहा है। यह मरीज को दो दिन से ज्यादा बीमार नहीं कर पा रहा। उस हिसाब से देखें तो यह नॉर्मल वायरल फीवर से भी कम घातक है। 95% मरीजों में तो इसके लक्षण भी नहीं दिख रहे। जो 5% मरीज बीमार पड़ रहे हैं उनमें बुखार कॉमन है, जो एक-दो दिन तक ही रहता है। लेकिन, जिन लोगों को पहले से कोई गंभीर बीमारी है, उन्हें इन दिनो बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।




## सलमान को फिर जान से मारने की धमकी

**मुंबई**: मुंबई पुलिस को फोन कर एक्टर सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाले को हिरासत में ले लिया गया है। मुंबई पुलिस ने मंगलवार को बताया कि धमकी देने वाला एक नाबालिक लड़का है, जिसकी उम्र 16 साल है। उसे ठाणे के पास शहापुर से हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच के लिए मुंबई लाया जा रहा है। मुंबई पुलिस के मुताबिक एक कॉल के जरिए सोमवार को यह धमकी दी गई थी। आरोपी ने अपना नाम रॉकी भाई बताया था।

## ग्रुप कैप्टन को बर्खास्त करें: जनरल कोर्ट मार्शल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इंडियन** एयरफोर्स के जनरल कोर्ट मार्शल ने इंडियन एयर फोर्स के ग्रुप कैप्टन सुमन रॉय चौधरी को बर्खास्त करने का आदेश दिया है। वे जम्मू-कश्मीर के बडगाम में अपने ही हेलिकॉप्टर को निशाना बनाकर मार गिराने के आरोप में दोषी पाए गए हैं। दौरान 27 फरवरी 2019 को सुबह 10 बजे के करीब हुए इस हमले में छह वायु सेना कर्मियों और एक नागरिक की मौत हो गई थी। उस समय ग्रुप कैप्टन चौधरी श्रीनगर एयरफोर्स स्टेशन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर थे। आईएएफ की अपनी ही सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल ने हेलिकॉप्टर को उस समय निशाना बनाया जब हेलिकॉप्टर वापस श्रीनगर आ रहा था।

### आदेश

● इस दिन भारतीय और पाकिस्तानी वायु सेना के बीच हवाई लड़ाई चल रही थी। इस मामले में पहले कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी ने जांच की थी

इस दिन भारतीय और पाकिस्तानी वायु सेना के बीच हवाई लड़ाई चल रही थी। इस मामले में पहले कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी ने जांच की थी। इसके बाद ही एयरफोर्स जनरल कोर्ट मार्शल गठित किया था।
**हाईकोर्ट में भी चल रहा केस**: ये मामला पंजाब और हरियाणा कोर्ट में भी चल रहा है। कोर्ट के फैसले के बाद ही आईएएफ जनरल कोर्ट ऑफ मार्शल के आदेश को लागू कर सकती है।
एयरफोर्स चीफ के आदेश के बाद आईएएफ इस आदेश को लागू करेगी।

**साधा निशाना** धार्मिक त्योहार दूसरों को धमकाने का मौका बन गए, पीएम हिंसा को नजरअंदाज करते रहे

## जबरदस्ती चुप कराना मुश्किलों का हल नहीं: सोनिया गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** पार्लियामेंट्री कमेटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश को चुप करा देने से देश की परेशानियां हल नहीं हो जाएंगीं। पीएम मोदी जरूरी मुद्दों पर चुप हैं। उनकी सरकार के कामकाज से करोड़ों लोगों की जिंदगी प्रभावित होती है। बड़े मुद्दों पर जो भी जायज सवाल पूछा जाता है, प्रधानमंत्री उस पर चुप्पी साध लेते हैं। सोनिया ने लिखे आर्टिकल में सरकार पर संसद में विपक्ष की आवाज दबाने, एजेंसियों के दुरुपयोग, मीडिया की आजादी खत्म करने, देश में नफरत और हिंसा का माहौल बनाने का आरोप लगाया है।



**प्रधानमंत्री की कथनी-करनी में फर्क**: सोनिया ने कहा कि भारत के लोग अब यह जान चुके हैं कि मौजूदा हालात में पीएम मोदी की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। जब वे विपक्ष के खिलाफ गुस्सा जाहिर नहीं कर रहे होते हैं या आज की परेशानियों के लिए बीते जमाने के नेताओं पर आरोप नहीं लगा रहे होते हैं, तो उनके सभी बयानों से जरूरी मुद्दे या तो गायब होते हैं, या वे बड़ी-बड़ी, लुभावनी बातें करके इन मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। हालांकि उनके एक्शन से साफ पता चलता है कि इस सरकार की असली मंशा क्या है। देश को चुप करा देने से देश की परेशानियां हल नहीं हो जाएंगी। पीएम मोदी जरूरी मुद्दों पर चुप हैं, उनकी सरकार के कामकाज से करोड़ों लोगों की जिंदगी प्रभावित होती है, इन्हें लेकर हमारे जो जायज सवाल हैं, उन पर वे चुप हैं। किसानों की आय को 2022 तक दोगुना करने के अपने वादे को पूरा करने में नाकाम होने के बाद पीएम बड़े आराम से चुप हो गए हैं।

# आज राष्ट्रीय पार्टी बनने का जश्न मनाएगी 'आप'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी बनने पर मंगलवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय से शुरू हुआ जश्न का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। पार्टी मुख्यालय के बाद अब बुधवार को देश के सभी प्रदेश और जिला कार्यालयों पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्रीय पार्टी बनने का जश्न बनाएंगे। मंगलवार को यह जानकारी देते हुए आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि महज दस साल में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय उम्मीद बन गई है। अब आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के मेक इंडिया नंबर-1 संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। देश भर में पद यात्राएं निकालेंगे




और लोगों से 9871010101 पर मिस्ड कॉल कर आप से जुड़ने की अपील करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनाकर देश के लोगों ने बताया कि हम उनकी उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी को कल चुनाव आयोग द्वारा राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया है। इसका पूरा देश स्वागत कर रहा है और एक उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। दस साल पहले आम आदमी पार्टी की जीरो से शुरूआत हुई थी और 10 साल बाद आज दिल्ली, पंजाब, गोवा होते हुए राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। राष्ट्रीय पार्टी बनने का मतलब है कि आप अब राष्ट्रीय उम्मीद बन गई है। आज जिस

**▶▶ महज दस साल में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय उम्मीद बन गई है: राय**

तरह सभी पार्टियां धीरे-धीरे सिमट रही हैं, उन्हीं विपरीत परिस्थितियों से लड़ते हुए आम आदमी पार्टी ने जनता का समर्थन और विश्वास हासिल करते हुए राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त किया है। इसके लिए पूरे देश के आम आदमी पार्टी के कार्यक्रताओ और सभी देशवासियों को तहे दिल से बधाई देते हैं। आज दिल्ली से राष्ट्रीय पार्टी बनने के मौके पर जश्न का सिलसिला शुरू हो चूका है।

राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने देशवासियों को बधाई और धन्यवाद देते हुए कहा कि देश के लोगों ने पिछले 10 साल में आम आदमी पार्टी पर भरोसा किया, हमारा हौसला बढ़ाया, हमे प्यार दिया और इस मुकाम तक पहुंचाया कि हम देश की जनता की उम्मीदों पर खरे उतर सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी बनने से सबसे पहला यह फर्क पड़ेगा कि हमें विभिन्न राज्यों में चुनाव लड़ने में सहूलियत मिलेगी। दस की बजाए केवल एक प्रपोजल से हम किसी भी प्रत्याशी का फार्म भर सकते हैं। पूरे देश में आधिकारिक तौर पर हमारा चुनाव चिन्ह झाड़ू रिजर्व हो गया है और हमें इसके लिए कही भी अर्जी नहीं देनी पड़ेगी। साथ ही हमें राष्ट्रीय मीडिया में समय ज्यादा मिल सकेगा और हमारे काम्पैग्न्स अब 40 की संख्या में चुनाव में घोषित कर पाएंगे।

# 'वार्ड 15 और 9 में 2 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य कराए जायेंगे'

**▶▶ वार्ड 15 में जल निकासी की समस्या के हेतु 6 आरसीसी नाले बनाने का और वार्ड 9 के ओल्ड और न्यू जगन्नाथ विहार में 25 एमएम मोटी डामर की सडक बनाने का कार्य किया जाएगा: विधायक प्रमोद विज**

**टीम एक्शन इण्डिया**/पानीपत पानीपत शहरी विधानसभा के वार्ड 15 और 9 में लगभग 2 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य कराए जायेंगे। यह जानकारी देते हुए शहरी विधायक प्रमोद विज ने बताया कि वार्ड 15 में जल निकासी की समस्या के हेतु 6 आरसीसी नाले बनाने का और वार्ड 9 के ओल्ड और न्यू जगन्नाथ विहार में 25 एमएम मोटी डामर की सडक बनाने का कार्य किया जाएगा। इस सडक का निर्माण 31.18 लाख रुपये की लागत से होगा। वहीं वार्ड 15 में 6 आरसीसी नालों का निर्माण विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। वार्ड में पहले नाले का निर्माण आजाद नगर रेलवे क्रॉसिंग से लेकर सदानंद स्कूल तक 38.28 लाख, 47.49 लाख से सदानंद स्कूल से लेकर कृष्णपुरा शिवपुरी तक पक्के नाले का, 49.02 लाख से कृष्णपुरा शिवपुरी से जीटी रोड तक, वार्ड 15 के ही खन्ना रोड से रवीन्द्रा टेक्स्ट टाइल तक 49.43 लाख से नाला, शक्ति टेक्स्टटाइल से टीवीएस एजेंसी तक 47.93 लाख से नाला, शिव नगर पीर वाली गली से खेड़े वाली गली तक 28.49 लाख से नाला का निर्माण कराया जाएगा।

विधायक प्रमोद विज ने बातचीत में कहा कि लंबे समय से इन विकास कार्यों की सुचारू रूप से कराने की आवश्यकता थी। जिसे देखते हुए निर्माण कार्य हेतु टेन्डर लगवा दिए गए हैं।

# नशीला पदार्थ रखने के आरोप में तीन महिला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक** जिला पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में तीन महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के निदेर्शानुसार नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में गांधी नगर जिला कुरुक्षेत्र वासी तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 किलोग्राम गांजा बरामद करने में सफलता हासिल की। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि 10 अप्रैल 2023 को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी निरीक्षक मंदीप सिंह के मार्ग निर्देश में उप निरीक्षक पवन कुमार, सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार, महेन्द्र सिंह, नरेश, नवदीप सिंह,




महिला सिपाही सोनिया व गाडी चालक हवलदार प्रवीन कुमार की टीम अपराध तलाश के संबंध में छठी पातशाही गुरद्वारा कुरूक्षेत्र के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांधी नगर जिला कुरुक्षेत्र वासी तीन महिलाएं गांजा बेचने का काम करती है। जो आज भी तीनो महिलाएं रेलवे स्टेशन कुरूक्षेत्र की तरफ से पैदल-पैदल गांजा लेकर आएगी और परशु राम चौक से होती हुई अपने घर गांधी नगर जाएगी। अगर रेलवे रोड नजदीक परशु राम चौक कुरूक्षेत्र के पास नाकाबंदी कि जाये तो तीनो महिलाएं गांजा सहित काबू आ सकती है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे रोड नजदीक परशु राम चौक कुरूक्षेत्र के पास नाकाबंदी करके चैंकिग शुरू कर दी। थोडी देर बाद पुलिस टीम को मिली सूचना अनुसार तीन महिलाएं पैदल-पैदल आती हुई दिखाई दी। जिनको पुलिस टीम द्वारा शक के आधार पर रोककर काबू किया गया। मौका पर राजपत्रित अधिकारी श्री रामदत्त नैन डीएसपी कुरुक्षेत्र को बुलाया गया। राजपत्रित अधिकारी के सामने उनकी तलाशी लेने पर उन तीनो महिलाओं के कब्जे से 15 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी महिलाओं के विरुद्ध थाना कृष्णा गेट थानेसर में मामला दर्ज करके तीनो आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिलाओं को माननीय अदालत में पेश किया गया।

# बैठक में मिशन 2024 के लिए बनाई गई रणनीति

**टीम एक्शन इण्डिया/चंडीगढ़** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की महिला मोर्चा की बैठक मंगलवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में हुई। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारियों की इस बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा चौहान ने की। प्रदेश उपाध्यक्ष व महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी संतोष यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष व मीडिया संयोजक सुमन दहिया की उपस्थिति में मिशन 2024, कमल मित्र की 15 योजनाओं पर रोडमैप तैयार किया गया। बैठक के बाद प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा चौहान ने बताया कि बैठक में महिला मोर्चा और संगठन को और अधिक मजबूत करने की रणनीति बनाई गई है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री आशा खेदड़, प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज यादव, सोशल मीडिया प्रभारी प्राची खुराना, राजबाला श्योरान, रीचा वशिष्ठ, वैशाली तोमर, योग्यता धीर, अलका सचदेवा, विदू कालड़ा सहित सभी जिलों की जिला अध्यक्ष व प्रभारी उपस्थित थीं। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा हरियाणा की प्रभारी संतोष यादव ने बताया कि इस बैठक में 2024 के चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए महिला मोर्चा की अहम भागी होगी। उन्होंने बताया कि बूथ लेवल तक महिला मोर्चा को और अधिक मजबूत करने की रणनीति बनाई गई है। केंद्र की कमल मित्र के हिसाब से 15 योजनाएं हैं जिनके लिए अलग-अलग प्रभारियों की नियुक्ति की जाएंगी। इन योजनाओं को मोर्चा की महिलाएं घर-घर तक ले जाने का काम करेंगी। श्रीमती यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। पीएम मोदी और सीएम मनोहर लाल की सरकार में बेटियां सुरक्षित हैं और प्रदेश का विकास बिना भेदभाव के किया जा रहा है। श्रीमती यादव ने बताया कि हरियाणा में भाजपा का कुनबा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में लगातार बढ़ रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता सेवा ही संगठन है के मूल मंत्र को लेकर फील्ड में उतरकर जनसेवा में सहयोगी की भूमिका निभा रहे हैं। श्रीमती यादव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ के निदेर्शानुसार महिला मोर्चा केंद्र व राज्य की प्रत्येक जनहितैषी योजना को लेकर गंभीर है, इसलिए हर योजना का एक प्रभारी बनाया जाएगा। सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को मिले यह सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर योजना की धूरी महिलाए हैं।


G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./वि. प., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | भाग–ए दिल्ली डिवीजन पर पहले उप–सेक्टर के मौजूदा 105 वर्ग मिमी जी–जम्पर का 160 वर्ग मिमी जी–जम्पर द्वारा प्रतिस्थापन। भाग–बी ओएचई स्ट्रक्चर मफ्स को उठाना, और ओएचई स्ट्रक्चर की बेस पेंटिंग और राइटिंग यानी रेल लेवल डीएलआई डिवीजन पर इम्प्लांटेशन |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs 12734955.36/– |
| 3 | बयाना राशि | Rs 213700.00/– |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन शुरू होने की तिथि | 24.04.2023 (00.00 बजे) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई– निविदा खुलने की तारीख और समय | 08.05.2023 (15.00 बजे) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

**संख्या: 03–क. वि. नई दिल्ली–2023–24 दिनांक: 10.04.2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1080/23



**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**निविदा संख्याः- CAMC-MIG-2023-24-99**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम & पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये **निविदा सूचना संख्या CAMC-MIG-2023-24-99 नियत तिथि 28.04.2023** जारी की जाती है। यह खुली ई-निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है- यह निविदा द्वि पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम :** 275 नग CO2 MIG वेल्डिंग मशीनों का 02 वर्षों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (स्पेयर पार्ट्स सहित), **कार्य की अनुमानित लागत रूपया में:** ₹ 1,68,45,444.00 (एक करोड़ अड़सठ लाख पैंतालीस हजार चार सौ चौवालीस रूपये मात्र), **धरोहर राशि :** ₹ 2,34,200.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** ₹ 5,000.00, **कार्य समापन की अवधि :** दो वर्ष (24 माह)। **नोटः ● निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय :** 28.04.2023 को 15:30 बजे। ● विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **कार्य प्रबंधक/संयंत्र-II**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नि, प्रोग. & पेंट, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **(निविदा सं.- एम-200/कोच शंटिंग/2023-24, दिनांकः- 07.04.2023)** एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा खुली **ई-निविदा** आमंत्रित की जाती है:- **कार्य का नाम :** कार्य क्षेत्र के अनुसार शेल शॉप, ब्लास्टिंग शॉप, पेंट शॉप, फर्नीशिंग शॉप और यार्ड शंटिंग में ट्रेवरसर और ट्रैक्टर शंटर की सहायता से एलएचबी कोचों के आंतरिक व बाहरी शंटिंग का कार्य करने हेतु निविदा का कार्य, **कार्य की अनुमानित लागत (रूपया में):** ₹ 83,38,710.72, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी (रूपया में) :** ₹ 1,66,800.00, **कार्य की मात्रा :** 300 कार्यकारी दिन, **कार्य समापन की अवधि :** 12 माह या पहले। **नोटः** ● ई- निविदा दिनांक- 01.05.2023 को 15:00 बजे तक ऑन-लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। ● ई-निविदा दिनांक- 01.05.2023 को 15:00 बजे के बाद ऑन-लाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। ● ई-निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/फर्नि.प्रोग. & पेंट**

**निविदा संख्या : FireHyd-Relocation-23-05 नियत तिथि : 28.04.2023**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सुरक्षा और प्रशिक्षण, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये **निविदा सूचना संख्या FireHyd-Relocation-23-05 नियत तिथि 28.04.2023** जारी की जाती है। यह खुली ई-निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है- यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम :** खुली निविदा के माध्यम से मौजूदा स्थान से उपयुक्त स्थान पर फायर हाइड्रेंट पाइप लाइन का स्थानांतरण, **कार्य की अनुमानित लागत रूपया में:** ₹ 2,14,35,054.00 (रू. दो करोड़ चौदह लाख पैंतीस हजार चौवन मात्र), **धरोहर राशिः** ₹ 2,57,200.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य (अप्रैल 2022 जीसीसी के कार्य अनुबंध के पैरा-03 अनुसार)। **नोटः ● निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः 28.04.2023** को **15:30** बजे। ● विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/संरक्षा और प्रशिक्षण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/एसएमएस & हाउसकीपिंग एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दो पैकेट प्रणाली आधारित अर्थात टेक्निकल बिड एवं फिनेंसियल बिड खुली **निविदा सं. एमसीएफ/आरबीएल/निविदा/ऑफलोडिंग/मैक./2023-24/सी-593 दिनांकः 07.04.2023** आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:- **कार्य का नाम :** कार्य क्षेत्र के अनुसार एसएमएस में प्रेस, शियर, फोल्डिंग, ड्रिल ऑपरेशनों को सम्मिलित कर विभिन्न मशीनों के लिए जनशक्ति (सीएनसी ऑपरेटर/सहायक) की ऑफलोडिंग, **कार्य की अनुमानित लागत (₹):** ₹ 5,82,37,062.36, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** ₹ 10,000.00, **अमानत राशिः** ₹ 4,41,200.00, **कार्य की मात्रा :** 600 कार्य दिवस, **कार्य समापन की अवधिः** 600 कार्य दिवस। **नोटः ● निविदा बंद होने की तिथि एवं समय-** दिनांक 01.05.2023 को 15:00 बजे। ● **निविदा** सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/एसएमएस & हाउसकीपिंग**

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 18/ईटी/2023-24** **दिनांकः 10.04.2023**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05221291ए | 5 के.वी.ए. ट्रांसफार्मर | 901 नग | 28.04.2023 |
| 02 | 12231047 | सेट ऑफ आईटम ऑफ एक्सेल मॉउन्टेड डिस्क ब्रेक सिस्टेम फॉर फीएट बोगी ऑफ पॉवर कार कोचेज फॉर आरएसपी। | 18 सेट | 02.05.2023 |
| 03 | 04231028 | हनीकॉम्ब पार्टीशन फ्रेम सेट फॉर एसी (1+2) एलएचबी कोच। | 16 सेट | 01.05.2023 |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल**

ग्राहको की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**ई-निविदा सं.:** GSU-PRYJ-Sig-005-2023-24 **दिनांकः** 10.04.2023

**ई-निविदा सूचना**

डिप्टी सीएसटीई गति शक्ति यूनिट (सिगनल और टेलीकम्यूनिकेशन) के द्वारा उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित फॉर्म पर खुली ई-निविदा वर्णित खुलने की तिथि को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण इस प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 005 |
| कार्य का विवरण | खुर्जा, टूंडला, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा और पनकी धाम स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में सीजीडीबी, एमएलडीबी, एसएलडीबी, एजीडीबी, पीए सिस्टम, जीपीएस घड़ियों आदि जैसे यात्री सुविधा दूरसंचार उपकरणों का प्रावधान। |
| काम की अनुमानित लागत | ₹ 66314017.47 |
| अग्रिम राशि | ₹ 481600.00 |
| निविदा प्रपत्र की लागत | ₹ 0.00 |
| समापन अवधि | बारह महीने |
| निविदा खुलने की तिथि | 15.05.2023 |

**निविदा प्रपत्र की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **धरोहर राशि जमा करना एवं उसका रूपः** उपरोक्त लिखित अग्रिम राशि केवल इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जानी चाहिए। निविदाकर्ता(ओं) को ध्यान देना चाहिए कि, किसी भी मामले में, उपरोक्त निर्दिष्ट के अलावा किसी अन्य रूप में धरोहर राशि स्वीकार्य नहीं होगी। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी और पूर्णतया अस्वीकृत कर दी जायेगी। **निविदा खुलने का समय तथा स्थानः** निविदा ई-निविदा के माध्यम से मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में 12.30 बजे या उसके बाद खोली जायेगी। यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होता है, तो निविदाएं अगले कार्य दिवस पर खोली जाएंगी। **निविदा की वैधताः** निविदा खुलने की तारीख से 60 दिन। **निविदा से डील हेतु रेलवे के अधिकारः** रेलवे प्रशासन बिना कोई कारण बताए निविदा को स्थगित/संशोधित करने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **काम की समान प्रकृतिः** ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड/कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड/इलेक्ट्रॉनिक चार्टिंग सिस्टम/एलईडी क्लॉक/एलईडी डिस्प्ले/ट्रेन सूचना के लिए फ्लिप फ्लॉप बोर्ड/टोकन डिस्प्ले बोर्ड/घोषणा प्रणाली/एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली के प्रावधान से संबंधित कोई भी कार्य। **525/23 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


# वृद्धा पेंशन पर झूठी राजनीति करते हैं दुष्यंत चौटाला: सतपाल शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने कहा वृद्धा पेंशन पर भाजपा और जजपा में श्रेय लेने की होड़ मची हुई है। जजपा सुप्रीमो दुष्यंत चौटाला कह रहे हैं कि उनके 10 विधायक हैं और उन्होंने ?750 पेंशन बढ़ाने का कार्य किया। अगर उनके 50 विधायक होते तो वह 5000 पेंशन कर देते। सरकार के साथ 4 साल मलाई खाने के बाद अब अपने वादे से मुकर गए और सारा दोस्त कम विधायकों पर मड दिया। अब भारतीय जनता पार्टी बताएं कि यह ? 750 भाजपा ने बढ़ाए या जजपा ने बढ़ाए। शर्मा ने कहा कि अगर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो ?6000 वृद्धा पेंशन मिलेगी, हर घर को 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी और ?500 का गैस सिलेंडर दिया जाएगा। पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाएगी। युवा और बेरोजगारों को रोजगार देने का कार्य किया जाएगा। आज रोजगार ना होने के कारण देश का युवा विदेशों की ओर मुड़ रहा है देश से हर रोज कम से कम 10000 युवा अपनी जमीन जायदाद बेचकर देश छोड़कर जा रहे हैं। युवाओं को अपना भविष्य अंधकार में अधिक रहा है, भाजपा सरकार से देश व प्रदेश में जनता का विश्वास उठ गया है और लोगों को कांग्रेस कार्यकाल की याद आ रही है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

**ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं जो कि शमशेर सिंह पुत्र आजाद सिंह निवासी गांव राजपुर , तहसील गन्नौर जिला सोनीपत ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र राहुल मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है। मैं अपने पुत्र राहुल को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल व संबंध विच्छेद करता हूं। आज के बाद अगर कोई भी राहुल से लेन देन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा । मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 'दस साल में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करना अद्भुत'

## आप की विचारधारा के ईमानदारी, देशभक्ति और मानवता तीन स्तंभ है, आप ने दिखा दिया कि कैसे ईमानदारी से चुनाव जीता जा सकता है: सीएम

**उपलब्धि**

**● देश में 1300 पार्टियां हैं। उनमें से 6 राष्ट्रीय पार्टियां हैं। उनमें से भी सिर्फ तीन ऐसी पार्टिया हैं, जिनकी 2 या ज्यादा राज्यों में सरकारे हैं**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आद**मी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 10 साल की छोटी सी अवधि में यह उपलब्धि हासिल करना अद्भुत और अकल्पनीय है। केजरीवाल ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि गजब ही हो गया, अद्भुत अकल्पनीय, देश में 1300 पार्टियां हैं। उनमें से 6 राष्ट्रीय पार्टियां हैं। उनमें से भी सिर्फ तीन ऐसी पार्टिया हैं, जिनकी 2 या ज्यादा राज्यों में सरकारे हैं, वो हैं भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस। उन्होंने कहा कि आप की विचारधारा के ईमानदारी, देशभक्ति और मानवता तीन स्तंभ है। आप ने दिखा दिया कि कैसे ईमानदारी से चुनाव जीता जा सकता है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि करोड़ों कार्यकताओं और समर्थकों को दिल से सलाम जिनकी वजह से आज आप राष्ट्रीय पार्टी बनी। केजरीवाल ने कहा कि जब पार्टी शुरू हुई तो कुछ नहीं था, लेकिन भगवान ने कहां से कहां पहुंचा दिया। इसका मतलब ऊपर वाला देश के लिए हमसे कुछ तो अच्छा करवाना चाह रहा है। आज गौरव का समय है। उन्होंने कहा कि आज इस खुशी के मौके पर मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की बहुत याद आ रही है, लेकिन वो संघर्ष कर रहे हैं। इन दोनों के खिलाफ इस वक्त सारी राष्ट्रीय विरोधी ताकतें लगी हुई है केजरीवाल ने कहा कि मनीष सिसोदिया का कसूर ये था कि उन्होंने दिल्ली में गरीब लोगों को अच्छी शिक्षा का सपना दिया। वहीं, सत्येंद्र ने अच्छी स्वास्थ्य की सुविधा दी, पर इन दोनों के पीछे सारी राष्ट्रीय विरोधी ताकतें लगा दी गई। केजरीवाल ने कहा कि हमने दिल्ली की जनता को दिखा दिया कि कैसे ईमानदारी से चुनाव लड़ा जा सकता है। सरकार सिर्फ इमानदारी से ही चलाई जा सकती है। हमारा सपना देश को नंबर वन पर पहुंचाना है। इस सपने को आम आदमी पार्टी साकार करेगी। केजरीवाल ने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि ये लोग चुनाव में आते थे तो सिर्फ गुंडागर्दी होती थी।

### अब हर जगह दिल्ली के स्कूलों और मोहल्ला क्लिनिक की बात होती है: सीएम

एक-दूसरे के लिए बोलते थे, जाति-धर्म पर चुनाव लड़ा जाता था।
केजरीवाल ने कहा कि अब हर जगह दिल्ली के स्कूलों और मोहल्ला क्लिनिक की बात होती है। सारी राष्ट्रीय विरोधी ताकतें पीछे लग गई हैं सबका नंबर आएगा। 8 से 10 महीने के लिए जेल जाने के लिए तैयार रहना, जिसको डर लग रहा है पार्टी छोड़ दें। केजरीवाल ने कहा कि देश में दो तरह की राजनीति चल रही है, एक नेगेटिव और दूसरी पॉजिटिव। हम पॉजिटिव राजनीति करते हैं।
मंगलवार को यह जानकारी देते हुए आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि महज दस साल में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय उम्मीद बन गई है।

# आबकारी घोटाला: जोशी की जमानत याचिका पर 21 को सुनवाई

**दलीलें रखीं थी...**

**● राजेश जोशी विजय नायर के इशारे पर काम कर रहा था। ईडी ने राजेश जोशी को 9 फरवरी को गिरफ्तार किया था**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित राजेश जोशी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से दलीलें रखी गईं। स्पेशल जज एमके नागपाल ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 21 अप्रैल को करने का आदेश दिया। ईडी ने आज राजेश जोशी की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि हवाला आपरेटर के मुताबिक हवाला का लेनदेन 26 नवंबर 2021 और 10 नवंबर 2021 को हुआ। राजेश जोशी ने बड़ी संख्या में फर्जी बिल बनाया था।
ईडी ने कहा कि राजेश जोशी विजय नायर के इशारे पर काम कर रहा था। इस मामले में ईडी ने राजेश जोशी को 9 फरवरी को गिरफ्तार किया था। राजेश जोशी पर गोवा चुनाव के दौरान पैसों के लेनदेन का आरोप है। ईडी का कहना था कि मामले की जांच के दौरान कुछ नए तथ्य सामने आए हैं। इस मामले में 5 नवंबर 2022 और 8 फरवरी को राजेश जोशी का बयान दर्ज किया गया था। पहले की सुनवाई के दौरान राजेश जोशी के वकील ने कहा था कि अगर सौ करोड़ साउथ ग्रुप से लिया गया तो सौ करोड़ के लिए क्या पांच या छह लाख का बोगस बिल बनाया जाएगा। तब ईडी ने कहा था कि अधिकतर ट्रांजेक्शन कैश में किया गया। राजेश जोशी के वकील ने कहा था कि सिर्फ पांच लाख के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने ईडी पर सवाल उठाते हुए कहा था कि जब भी जांच के लिए राजेश जोशी को बुलाया गया, वो जांच एजेंसी के पास गया।

# पिंकी ईरानी की जमानत याचिका पर पुलिस को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली हाई कोर्ट ने 200 करोड़ रुपये की** ठगी के मामले में सुकेश चंद्रशेखर की सहयोगी पिंकी ईरानी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा ने दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू शाखा को नोटिस भेजा है। मामले की अगली सुनवाई 24 मई को होगी। कोर्ट ने ईओडब्ल्यू को चार हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पिंकी ईरानी को ईओडब्ल्यू ने 30 नवंबर, 2022 को पूछताछ के लिए बुलाया था जिसके बाद पर्याप्त सबूत पाए जाने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ईओडब्ल्यू के मुताबिक पिंकी ईरानी ने ही सुकेश चंद्रशेखर को अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज से मिलवाया था। ईडी की चार्जशीट के मुताबिक इस मामले के मुख्य आरोपित सुकेश चंद्रशेखर ने पांच करोड़ 71 लाख रुपए से ज्यादा के गिफ्ट दिए थे। सुकेश पिंकी ईरानी के जरिए जैकलीन को गिफ्ट पहुंचाने का काम करता था। इन गिफ्टों में 52 लाख रुपये का घोड़ा और 09 लाख रुपये की एक पारसी बिल्ली भी शामिल है। ईडी के मुताबिक सुकेश चंद्रशेखर ने जैकलीन के लिए उपहार खरीदने के लिए उस अवैध धन का इस्तेमाल किया, जो उसने शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह समेत दूसरे हाई-प्रोफाइल लोगों से धोखाधड़ी कर वसूला था।

# मोहल्ला बस स्कीम पर विशेषज्ञ परामर्श में भाग लेंगे विशेषज्ञ

**चर्चा होगी**

**● 'मोहल्ला बस' योजना की घोषणा इस लक्ष्य के साथ की गयी कि दिल्ली के लोगों को उनके घरों तक पहुचने में आसानी हो**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मोहल्ला** बस योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए इंटरनेशनल कॉउन्सिल ऑफ क्लीन ट्रांसपोर्ट (आईसीसीटी) 17 अप्रैल को एक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ परामर्श कार्यक्रम आयोजित करेगी। परामर्श बैठक की अध्यक्षता दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत करेंगे। इस वर्चुअल परामर्श में कई वैश्विक विशेषज्ञ शामिल होंगे जो अपने वैश्विक अनुभवों और केस स्टडी के जरिये मोहल्ला बस सेवा योजना पर 10-12 मिनट की प्रस्तुति देंगे। प्रस्तुति में सेवा डिजाइन, औसत मार्ग की लंबाई, किराया, ब्रांडिंग और अन्य संबंधित विषयों पर सुझाव शामिल होंगे। इसके बाद विशेषज्ञों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र होगा। इस पर टिप्पणी करते हुए, दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, नई योजना या नीति को आगे बढ़ाते समय इन्क्लुजन हमेशा दिल्ली सरकार के लिए प्रमुख मापदंडों में से एक रहा है। इसलिए, हमने यह सुनिश्चित किया है कि योजना में अधिक व्यावहारिकता लाने के लिए हितधारकों के साथ परामर्श करें। मोहल्ला बस दिल्ली सरकार की एक अनूठी पहल है। इस योजना के विभिन्न पहलुओं पर भारतीय हितधारकों और एक्सपर्ट्स के साथ बहुत से परामर्श पहले ही हो चुके थे, इस बार हम उन अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया जानना चाहते हैं जिन्होंने फीडर बस संचालन को अपने शहरों या देश में सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके आयोजन के लिए मैं आईसीसीटी को धन्यवाद देता हूं।" दिल्ली सरकार शहर की सड़कों पर छोटे आकार की इलेक्ट्रिक मोहल्ला बसों की शुरूआत के साथ शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। जल्द ही, सरकार ऐसी 100 बसें शुरू करेगी। दिल्ली के इतिहास में पहली बार मोहल्ला बसें शहर की सड़कों पर चलेंगी। सरकार की 2025 तक कुल 2,180 ऐसी बसें शुरू करने की योजना है। मोहल्ला बसों की संकल्पना दिल्ली के उन क्षेत्रों की परिवहन जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है जहां सड़क की चौड़ाई कम है या नियमित 12-मीटर बसों के चलने के लिए माकूल नहीं है। इस कदम से इन क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने और लोगों के लिए परिवहन पहुंच में सुधार की उम्मीद है। मोहल्ला बस योजना की घोषणा पिछले बजट भाषण में दिल्ली के वित्त मंत्री कैलाश गहलोत जिनके पास परिवहन मंत्री का पोर्टफोलियो भी है, ने की थी। इस योजना का उद्देश्य लोगों को उनके घर तक फीडर बस सेवा प्रदान करने के लिए 9 मीटर लंबी इलेक्ट्रिक बसों को चलाना है। इस परामर्श के दौरान साझा किए गए वैश्विक अनुभवों से दिल्ली की मोहल्ला बस सेवा योजना की रूपरेखा तैयार करने में मदद मिलेगी। इस पर बोलते हुए आईसीसीटी के प्रबंध निदेशक (भारत) अमित भट्ट ने कहा "इस साल के दिल्ली के बजट में 'मोहल्ला बस' योजना की घोषणा इस लक्ष्य के साथ की गयी कि दिल्ली के लोगों को उनके घरों तक पहुचने में आसानी हो।

# रीजनल रैपिड रेल को मिला को मिला नया नाम

**नई दिल्ली:** दिल्ली एनसीआर को रफ्तार देने जा रही रैपिड ट्रेन जल्द शुरू होने वाली है। यह ट्रेन अब रैपिडेक्स के नाम से दौड़ेगी। रैपिड नाम पहले से बोलचाल है। इसमें एक्स को जोड़ा गया है। इसका नया लोगो भी जारी कर दिया गया है। मई में दिल्ली मेरठ रूट पर इसका संचालन शुरू हो सकता है। पहले चरण में साहिबाबाद से दुहाई के बीच रैपिडेक्स रफ्तार भरेगी। 2025 तक यह ट्रेन दिल्ली से मेरठ के बीच चलने लगेगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के अनुसार, ब्रांड नाम रैपिडेक्स पढ और विभिन्न भाषाओं में उच्चारण करने में आसान है। रैपिड नाम को पहले से ही हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पूरे क्षेत्र के नागरिकों द्वारा अपनी यातायात प्रणाली के रूप में अपनाया और पसंद किया जा रहा है।

# आईपी यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक विस्तार करेगी सरकार

## शैक्षिक विस्तार के तहत आईपी यूनिवर्सिटी में नए सत्र में बायो-इन्फार्मेटिक्स और साइबर सिक्योरिटी जैसे भविष्य के कोर्सेज को किया जायेगा शामिल

**बढ़ावा**

**● कोर्स उच्च शिक्षा के नए आयाम स्थापित करेंगे और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विविधता और नवाचार को बढ़ावा देंगे**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केजरीवाल** सरकार द्वारा गुरुगोविन्द सिंह इन्द्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के शैक्षिक विस्तार के तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नए कोर्सेज की शुरूआत की जा रही है। इसमें पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी व एम.एस.सी बायो-इन्फार्मेटिक्स शामिल है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने आईपी यूनिवर्सिटी व उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ मंगलवार को इस बाबत समीक्षा बैठक की। आईपी यूनिवर्सिटी में आने वाले सत्र में शुरू हो रहे नए कोर्सेज के साथ विश्वविद्यालय के शैक्षिक विस्तार पर साझा करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि टेक्नोलॉजी के कारण तेजी से बदलती दुनिया को ध्यान में रखते हुए आईपी यूनिवर्सिटी में शुरू हो रहे ये नए कोर्सेज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल यूनिवर्सिटी ने डिजाइन के क्षेत्र में ग्रेजुएशन और पीजी तथा नये एमबीए कोर्सेज की शुरूआत की थी और एनालिटिक्स में एमबीए की शुरूआत की थी। इस क्रम में यूनिवर्सिटी में बायो-इन्फार्मेटिक्स और साइबर सिक्योरिटी जैसे भविष्य के कोर्सेज को भी शामिल किया जायेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि, मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में हम छात्रों को नए दौर की स्पेशलाइज्ड व क्वालिटी एजुकेशन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उस दिशा में ये नए कोर्सेज हमारे छात्रों को उनके एकेडमिक और प्रोफेशनल लक्ष्य हासिल करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि ये कोर्सेज हमारे छात्रों में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में इनोवेटिव नॉलेज और स्किल्स विकसित करेंगे। साथ ही ये छात्रों को अपने करियर में स्पेशलाइजेशन प्राप्त करने में भी मदद करेंगे। शिक्षा मंत्री आतिशी ने आगे कहा कि,किसी भी देश के उच्च शिक्षा संस्थान ये तय करते है कि वो देश किन ऊँचाइयों तक पहुँचेगा। इस दिशा में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आईपी यूनिवर्सिटी के ये नए कोर्स उच्च शिक्षा के नए आयाम स्थापित करेंगे और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विविधता और नवाचार को बढ़ावा देंगे।

# उपराज्यपाल के प्रयासों से यमुना की सफाई में आई तेजी : बिधूड़ी

**यमुना सफाई में तेजी**

**● केजरीवाल सरकार ने यमुना की तरफ ध्यान नहीं दिया। एनजीटी के कहने पर अब एलजी ने यमुना की सफाई की पहल की है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के प्रयासों से यमुना की सफाई में तेजी आई है। बिधूड़ी ने मंगलवार को कहा कि केजरीवाल सरकार यमुना की सफाई को लेकर गंभीर नहीं थी लेकिन उपराज्यपाल इस मामले को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि पिछले आठ साल में केजरीवाल सरकार ने यमुना की तरफ ध्यान नहीं दिया। एनजीटी के कहने पर अब उपराज्यपाल ने यमुना की सफाई की पहल की है। उसके बाद ही सकारात्मक नतीजे सामने आने लगे हैं तो आप नेताओं को अपनी असफलता की चिंता सताने लगी है। बिधूड़ी ने कहा कि आप सरकार को उपराज्यपाल सक्सेना का आभार व्यक्त करना चाहिए कि उनके प्रयासों से दिल्ली में यमुना साफ होने की संभावना जागृत हुई है। बिधूड़ी ने कहा कि यमुना की सफाई का राग अरविंद केजरीवाल 2013 से अलाप रहे हैं। उन्होंने दिल्ली की जनता के साथ वादा किया था कि वह 2020 में उनके साथ यमुना में डुबकी लगाएंगे लेकिन आज स्थिति यह बन चुकी है कि यमुना का पानी पीना तो दूर, नहाने लायक भी नहीं रहा। यमुना अब नदी न होकर एक गंदा नाला बनकर रह गई है। पिछले कई सालों से सुप्रीम कोर्ट दिल्ली सरकार को यमुना की सफाई के लिए निर्देश देती रही है और फटकार लगा रही है। एक समय तो अरविंद केजरीवाल ने यहां तक कह दिया था कि यमुना की सफाई हो ही नहीं सकती, क्योंकि इसमें बहुत सारी एजेंसियां काम करती हैं। केंद्र सरकार यमुना की सफाई के लिए साढ़े आठ हजार करोड़ रुपये दिल्ली सरकार को दे चुकी है लेकिन इस रकम का कोई हिसाब दिल्ली सरकार के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि यमुना के प्रदूषित होने का आरोप कोई राजनीतिक आरोप नहीं है बल्कि स्वयं दिल्ली सरकार की दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ही प्रमाणिक आंकड़ों के साथ यह स्वीकार कर चुकी है कि यमुना का पानी पिछले आठ सालों में दोगुनी दर से प्रदूषित हो गया है।
बिधूड़ी ने कहा कि पिछले तीन सालों से एनजीटी दिल्ली सरकार को यमुना के प्रदूषण के प्रति सचेत कर रही है लेकिन दिल्ली सरकार के कान पर जूं भी नहीं रेंगी। अब एनजीटी ने एक हाई पावर कमेटी बनाई है और उसका अध्यक्ष उपराज्यपाल को बनाया है। जनवरी में इस कमेटी की पहली मीटिंग के बाद उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने यमुना की सफाई का बीड़ा उठाया।

# मुगल मस्जिद में नमाज पढ़ने की इजाजत मांगने पर केंद्र को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाई कोर्ट ने कुतुब मीनार परिसर के पूर्वी गेट स्थित मुगल मस्जिद में रमजान के दौरान नमाज पढ़ने की अनुमति देने की मांग पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और एएसआई को नोटिस जारी किया है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने 27 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिका मुगल मस्जिद के प्रबंधन कमेटी ने दायर की है। याचिका में रमजान के महीने में नमाज पढ़ने देने की मांग पर जल्द निपटारे की मांग की गई है। मुख्य याचिका में एएसआई के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मुगल मस्जिद में नमाज पढ़ने से रोकने की बात कही गई है। मुख्य याचिका पर अगस्त में सुनवाई नियत है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील सुफियान सिद्दीकी ने कहा था कि मुगल मस्जिद एक नोटिफाइड वक्फ संपत्ति है और एएसआई अधिकारियों ने मई से वहां नमाज पढ़ने से मना कर दिया है। मुगल मस्जिद कुव्वत-उल-इस्लाम से अलग मस्जिद है।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच

Dr. Singh examining a patient



आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre

BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606

MEDICAL FACILITIES AVAILABLE

ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

## संपादकीय

# भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं का लीडर बनने का आगाज

**वैश्विक** स्तरपर भारत के बारे में यह सोच बनती जा रही है कि भारत हर मौके पर सकारात्मक चौका लगाने से नहीं चूकता और उसकी सोच छक्के लगाने की ओर बढ़ती चली जाती है। जी हां ! दुनिया बिल्कुल ठीक सोच रही है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों से अनेकों मौके पर, फि र कोविड काल में जज्बे और जांबाजी से मुकाबला कर वैक्सीनेशन कर फि र एक्स्ट्रा करीब 100 देशों को भी सप्लाई किया और फिर अभी जी-20 ग्रुप की अध्यक्षता कर रहा है जिसमें तेजी से नीतियों रणनीतियों के तहत भारत के हर क्षेत्रों को अवसरों की बारिश दे रहा है। अब तो कुछ विरोधों के बावजूद कश्मीर में भी दिनां 22 से 24 मई 2023 को जी-20 की बैठक होना निश्चित हो गई हैहालांकि पड़ोसी और विस्तारवादी मुल्कों को मिर्ची लगी है, परंतु भारत को उससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि कश्मीर हमारा घरेलू मामला है। अब दिनांक 10-16 अप्रैल 2023 को माननीय केंद्रीय वित्तमंत्री और आरबीआई के गवर्नर का दलबदल सहित अमेरिका दौरा जी-20 के वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नर की दूसरी बैठक 12 अप्रैल 2023 को और विश्व बैंक समूह (डब्ल्यूबीजी) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की बैठक में भाग लेना, प्रमुख वित्तीय अंतरराष्ट्रीय संगठन, गोष्ठियों, गोलमेज बैठकों, विश्व के थिंकटैंक और अर्थशास्त्रियों के साथ संवाद सहित अनेकों कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर भारत के लिए अर्थ ज्ञान का सागर लेकर उसपर अपनी नीतियों रूपी नाव चला कर भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में एक सफल आगाज होगा। चूंकि माननीय एफएम का अमेरिका दौरा एक महत्वपूर्ण दौरा है इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने चल पड़ा है मेरा भारत देश।

साथियों बात अगर हम माननीय एफएम के 10-16 अप्रैल 2023 को अमेरिका दौरे की करें तो, वित्त मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था कि वित्तमंत्री अमेरिका में जी-20 बैठक की मेजबानी करेंगी। साथ ही विश्व बैंक समूह (डब्ल्यूबीजी), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की बैठकों में भाग लेंगी। आईएमएफ की वसंतकालीन सालाना बैठकों के दौरान, वित्त मंत्री जी-20 देशों के अपने समकक्षों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों सहित अन्य प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत आपसी हित और सहयोग के मुद्दों और विभिन्न क्षेत्रों के बारे में चर्चा करेंगी। दूसरी जी-20 एफएमसीबीजी बैठक में तीन सत्र होंगे जिनमें वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना, सतत वित्त, वित्तीय क्षेत्र और वित्तीय समावेश तथा अंतर्राष्ट्रीय कराधान शामिल है। इन सत्रों का खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा का समाधान करना, वैश्विक ऋण कमजोरियों को प्रबंधित करना, बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करना, जलवायु कार्रवाई के लिए वित्त जुटाना, वित्तीय समावेश प्रक्रिया को आगे बढ़ाना और अंतर्राष्ट्रीय कर और वित्तीय प्रगति में तेजी लाना आदि विषयों पर विचार-विमर्श करना होगा। बैठक में भारत की जी-20 वित्त ट्रैक कार्ययोजना के तहत परिकल्पित परिणामों पर हुई प्रगति का जायजा भी लिया जाएगा।

# विपक्ष की राजनीति की कुंद हुई धार

राजेश माहेश्वरी

> “बीजेपी इस बात को लेकर आश्वस्त है कि अभी अगले एक साल के लिए उसके तरकश में कई तीर हैं, जिनसे वह विपक्ष के सारे दांव नाकाम कर देगी। जी-20 सम्मेलन, राम मंदिर की स्थापना जैसे मुद्दों को लेकर पार्टी का मानना है कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले ही वह ड्राइविंग सीट पर होगी। हालांकि यह भी सही है कि अगले साल से पहले 9 राज्यों के चुनाव परिणाम भी आ जाएंगे। इसके अलावा कई मुद्दे अचानक भी आ जाते हैं। इसलिए आम चुनावों से पहले फिलहाल राजनीति की कोई दिशा अंतिम नहीं कही जा सकती। लेकिन ये बात सच है कि विपक्ष एकजुट हुए बिना बीजेपी से मुकाबला नहीं कर सकता है। लेकिन फिलवक्त विपक्ष की राजनीति को देखकर ऐसा लगता है विपक्ष की एकता दूर की कौड़ी है।”

**साल 2024 में होने वाले आम चुनाव को लेकर** देश की राजनीति में लगतार सक्रियता बनी हुई है। संसद के बजट सत्र में विपक्ष ने सरकार को घेरने की पूरी कोशिश की। विपक्ष विशेषकर कांग्रेस ने अडाणी मामले में सरकार की मुश्किलें बढ़ाने का काम किया। संसद से सड़क तक विपक्ष ने सरकार को घेरता दिखाई दिया। सरकार और विपक्ष के आपसी खींचतान के चलते संसद का बजट सत्र हंगामेदार रहा और कार्रवाई नाममात्र की ही हो पाई। लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्ष में आपसी एकता को लेकर मंथन हो रहा है। लेकिन अभी तक विपक्ष की एकता को लेकर कोई आम सहमति या समझ नहीं बन पाई है। इस सारी कवायद के बीच बीच उस विपक्षी एकता की परिकल्पना को एक झटका लगा है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने अडानी मामले में ऐसा स्टैंड लिया है जो कांग्रेस और कई दूसरे दलों से विपरीत है। उस एक स्टैंड ने विपक्षी एकता वाली मुहिम को झटका दिया है। बीते दिनों एक समाचार चैनल को साक्षात्कार के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने हिंडनबर्ग की उस रिपोर्ट पर निशाना साधा है जिसमें गौतम अडानी को लेकर कई आरोप लगाए गए हैं। शरद पवार ने कहा कि उस शख्स ने पहले भी ऐसे बयान दिए थे और तब भी सदन में कुछ दिन हंगामा हुआ था। लेकिन इस बार जरूरत से ज्यादा तवज्जो इस मुद्दे को दे दी गई हैं वैसे भी जो रिपोर्ट आई, उसमें दिए बयान किसने दिए, उसका क्या बैकग्राउंड है। जब वो लोग ऐसे मुद्दे उठाते हैं जिनसे देश में बवाल खड़ा हो, इसका असर तो हमारी अर्थव्यवस्था पर ही पड़ता है। लगता है कि ये सबकुछ किसी को टारगेट करने के लिए किया गया था। अब शरद पवार का ये बयान उस समय आया जब सदन में 19 विपक्षी पार्टियों ने अडानी मुद्दे को जमकर उठाया भी और मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। उस समय शरद पवार का यूं अलग स्टैंड लेना कई तरह के सवाल खड़े कर गया है। इस समय एनसीपी विपक्ष की एक बड़ी पार्टी है, शरद पवार नेता हैं, ऐसे में उसकी और ज्यादा बढ़ जाती है। महा विकास अघाड़ी में तो वो कांग्रेस के साथ खड़ी है। उस स्थिति में कांग्रेस से ही अलग स्टैंड रखना कई तरह के संकेत दे गया



है। इस विवाद पर कांग्रेस की तरफ से भी एक बयान जारी किया गया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि एनसीपी का अपना कोई स्टैंड हो सकता है, लेकिन 19 विपक्षी पार्टियां ये मानती हैं कि अडानी मुद्दा गंभीर है। मैं ये भी साफ करना चाहता हूं कि एनसीपी और दूसरे विपक्षी दल हमारे साथ ही खड़े हैं, सभी साथ मिलकर लोकतंत्र को बचाना चाहते हैं और बीजेपी की बंटवारे वाली राजनीति को हराना चाहते हैं। अब जयराम रमेश ने ये बयान दे तो दिया है, लेकिन अडानी मुद्दा कांग्रेस के काफी करीब है, वैसे भी इसे क्योंकि खुद राहुल गांधी ने उठाया है, इसके मायने ज्यादा हो गए हैं। गौतम अदानी मामले के अलावा स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी के बाद से ही विवाद छिड़ा हुआ है। इस बयान के बाद से महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी में भी आपसी विवाद शुरू हो गया है। इस विवाद को सुलझाने के लिए अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार ने मध्यस्थता की ओर कदम रखा है और राहुल गांधी को चुप्पी की सलाह दी है। इस बयान को लेकर उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने सबसे ज्यादा नाराजगी जाहिर की. कांग्रेस और उद्धव गुट के बीच तनाव बढ़ने के बाद उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने राहुल गांधी से मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि इस मुद्दे पर दोनों पार्टियों के विचार अलग-अलग हैं, लेकिन उन्हें लोकतंत्र को लेकर सामने आ रही चुनौतियों पर ध्यान देना चाहिए। इसके बाद से राहुल गांधी ने सावरकर के मामले पर चुप्पी साध ली है। विपक्षी एकता की बात करें तो शरद पवार उसकी एक अहम कड़ी हैं। वो थर्ड फ्रंट के साथ जाएंगे या कांग्रेस वाली विपक्षी एकता का हिस्सा बनेंगे, अभी तक पत्ते खोलेंगे गए हैं। लेकिन क्योंकि महाराष्ट्र में दोनों पार्टियां साथ हैं, ऐसे में कांग्रेस जरूर चाहेगी कि शरद पवार उनके साथ आएं। लेकिन अडानी मुद्दे पर एनसीपी प्रमुख के बयान उस इच्छा को एक सियासी झटका दिया है। वहीं विपक्ष के दूसरे अहम नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ऊपरी तौर पर विपक्ष के साथ अपनी सुविधा के अनुसार खड़े तो दिखाई देते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) इन दिनों प्रचार कर रहे हैं कि देश के प्रधानमंत्री मोदी अनपढ़ हैं या कम पढ़े-लिखे हैं। यह निराशाजनक, खोखला और अनैतिक दुष्प्रचार है। किसी भी व्यक्ति या प्रधानमंत्री की शैक्षिक डिग्री सूचना के अधिकार के बाहर है। वह एक निजी उपलब्धि और दस्तावेज है। यदि वह सार्वजनिक नहीं है, तो कानूनन उसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। कमोबेश केजरीवाल को भी इतनी जानकारी होगी, क्योंकि उन्होंने सूचना का अधिकार से ही अपनी राजनीति शुरू की थी और मैगसेसे अवार्ड हासिल किया था।

लोकतांत्रिक राजनीति के मायने ये नहीं हैं कि निर्वाचित नेता और प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा प्राप्त हों या किसी विषय के विशेषज्ञ हों अथवा कुलीन और अभिजात्य जमात के हों। एक बेहद आम और गरीब आदमी प्रधानमंत्री के पद तक पहुंच सकता है। दरअसल केजरीवाल और आप के प्रवक्ता-नेता इसे भी राजनीतिक प्रचार बना रहे हैं कि प्रधानमंत्री अनपढ़ या अल्पशिक्षित हैं, लिहाजा काम करने और नीतियां बनाने में अक्षम हैं। वास्तव में लोकतंत्र लोगों के द्वारा और लोगों के लिए की एक व्यवस्था है। प्रधानमंत्री की शैक्षिक डिग्री की तुलना केजरीवाल की आईआईटी की डिग्री या आईआरएस से नहीं की जा सकती। कुलीन और उच्चतम शिक्षा वाले प्रधानमंत्री के तहत और उनके आदेशानुसार काम करते हैं, क्योंकि लोकतांत्रिक जनादेश अंतिम निष्कर्ष है। पवार ने बीते रविवार को नासिक में संवाददाताओं से कहा, जब बेरोजगारी, महंगाईं और कानून व्यवस्था की स्थिति जैसे अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे मौजूद हैं, तो क्या देश में किसी की शैक्षणिक डिग्री राजनीतिक मुद्दा होनी चाहिए। विपक्ष ने अपनी पुरानी गलतियों से सीख लेकर बीजेपी को काउंटर करने के लिए जो नई रणनीति बनाई है, उसके लिए उसने कुछ मुद्दे चुने हैं। सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना जैसे मुद्दे को स्थापित करना या महिलाओं को हर महीने पगार देने की लगातार घोषणा इसी का हिस्सा है, जिससे विपक्ष बीजेपी के कोर वोट बैंक में सेंध लगाना चाहता है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में इसी रणनीति के तहत कांग्रेस को कामयाबी मिली। हालांकि बीजेपी इस बात को लेकर आश्वस्त है कि अभी अगले एक साल के लिए उसके तरकश में कई तीर हैं, जिनसे वह विपक्ष के सारे दांव नाकाम कर देगी। जी-20 सम्मेलन, राम मंदिर की स्थापना जैसे मुद्दों को लेकर पार्टी का मानना है कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले ही वह ड्राइविंग सीट पर होगी। हालांकि यह भी सही है कि अगले साल से पहले 9 राज्यों के चुनाव परिणाम भी आ जाएंगे। इसके अलावा कई मुद्दे अचानक भी आ जाते हैं। इसलिए आम चुनावों से पहले फिलहाल राजनीति की कोई दिशा अंतिम नहीं कही जा सकती। लेकिन ये बात सच है कि विपक्ष एकजुट हुए बिना बीजेपी से मुकाबला नहीं कर सकता है। लेकिन फिलवक्त विपक्ष की राजनीति को देखकर ऐसा लगता है विपक्ष की एकता दूर की कौड़ी है।

## कविता

गजल

उन के बिन गर्दिशे रोजो शब देखिए
मुझ पे ढाती है क्या क्या गजब देखिए

मैं ने जो माँगा उस ने अता कर दिया
महबाँ मुझ पे है कितना रब देखिए

हुस्न में क्या बला का है आया निखार
उस को आ कर जरा आप अब देखिए

सुर्ख रुखसार होते हैं क्या दीदा जेब
जब वो गुस्से में हो उस को तब देखिए

ऐसे कैसे भला मान जाएगा वो
उस की नाराजगी का सबब देखिए

मर के भी जिन्दा हैं गालिब, इकबाल, मीर
ये है मेयारे इल्मो- अदब देखिए

क्या वो खुशियों का तावीज है पा गया
हँसता ही रहता है उस को जब देखिए

तब चले गा पता कितने फय्याज हैं
उन से कुछ आप कर के तलब देखिए

जकी तारिक

# मध्यप्रदेश: चाबी किसके हाथ में रहेगी?

**अशोक भाटिया**

**एक समय दो द**लीय राजनीति कही जाने वाली मध्यप्रदेश की सियासत पिछले कुछ सालों से बिहार और उत्तरप्रदेश की तरह जातिगत राजनीति की ओर आगे बढ़ रही है। राज्य में जाति और वर्ग के आधार पर राजनीति करने वाली पार्टियों की सक्रियता बढ़ी है। जिसके चक्रव्यूह में भाजपा और कांग्रेस फंसती चली जा रही हैं। फिलहाल चुनाव आने से पहले दोनों पार्टियां सभी जातियों को साधने में लगी हुई है। लेकिन ऐसे में उन्हें डर है कि कहीं दूसरा वर्ग उनसे नाराज न हो जाए। इस साल मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा और कांग्रेस सत्ता हासिल करने के लिए एससी-एसटी और ओबसी की छोटी जातियों पर फोकस कर रही है। राज्य में एससी-एसटी और ओबसी की वोट बैंक सबसे अधिक है। प्रदेश में हमेशा से ही सत्ता की चाबी एससी-एसटी के हाथो में रही है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह इन दोनों वर्गों के लिए 36 फीसदी यानी 82 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं। ऐसे सत्ता की बागडोर संभालने के लिए इन वर्गों का बहुमत मिलना काफी ज्यादा जरूरी हो जाता है। बीते चुनाव में कांग्रेस ने आदिवासी, अनुसूचित जाति और आरक्षित सीटों पर कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया था। यही वजह रही कि कांग्रेस पार्टी 2018 का विधानसभा चुनाव जीतने के साथ सूबे की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। इसी को देखते हुए भाजपा पिछले दो सालों से एससी-एसटी और ओबीसी की छोटी जातियों को साधने की कोशिश में जुट गई है। खास बात यह है कि भाजपा के दो प्रमुख चेहरे इसके लिए कैंपेन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह लगातार आदिवासी क्षेत्रों में रैली और जनसभाएं कर रहे हैं। राजधानी भोपाल से इन दोनों नेताओं ने आदिवासी वोटरों को लुभाने के लिए कई सारे वादे भी कर दिए हैं। इस वक्त भले ही मध्य प्रदेश में सियासत में जातिवाद हावी नहीं है, लेकिन इस बार की चुनावी माहौल में जातिवाद की हवा तेजी से बह रही है। जातिवाद की सियासत करने वाली पार्टियां प्रदेश में तेजी से अपने पैर पसार रही है। साथ ही ये सभी पार्टियों ने अभी से ही जातियों के आधार पर चुनावी रंग घोलना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि एट्रोसिटी एक्ट, पदोन्नति में आरक्षण और आदिवासी हित जैसे विषयों ने जातिवादी संगठन खड़े कर दिए है। ये सभी संगठन इन्ही मुद्दों की वजह से चुनाव लड़ने का दम भर रहे हैं। अजाक्स (अजा-अजजा कर्मचारियों का संगठन), सपाक्स (सामान्य और ओबीसी वर्ग की संस्था), जयस (आदिवासी युवाओं का राजनीतिक संगठन) और भीम आर्मी की आजाद समाज पार्टी जैसे संगठन विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के प्रयास में जुटे हैं। वैसे प्रदेश की राजनीतिक इतिहास की बात करें तो यहां जातिवादी राजनीति करने वाले दल बहुजन समाज पार्टी, गोंडवाना पार्टी और सवर्ण समाज पार्टी कभी सफल नहीं हो पाए हैं, लेकिन इस बार का चुनावी मिजाज बिलकुल अलग नजर आ रहा है।

## विचार

# उद्यमी देश के नायक या खलनायक

**आर.के. सिन्हा**

**इंफोसिस के** फाउंडर एन.नारायण मूर्ति जब भी बोलते हैं तो उसे सबको सुनना ही पड़ता है। वे अपनी बात बेखौफ अंदाज में रखते हैं। उन्होंने पिछले दिनों इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अहमदाबाद (आईआईएम-ए) के 58वां वार्षिक दीक्षांत समारोह में कहा कि कोरपोरेट लीडर्स को अपनी सैलरी लेते हुए संयम बरतना चाहिए। उनका लाइफ स्टाइल भी बहुत खचीर्ला नहीं होना चाहिए। उनका कहना था कि जिस देश में अब भी खासी गरीबी है , वहां पर उद्योगपतियों को एक तरह से अपने व्यवहार से उदाहरण पेश करना चाहिए। नारायणमूर्ति जी की बात पर गौर तो किया ही जाना चाहिए। मुझे याद है कि भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी के प्रधानमॅंत्रित्व काल में जब मैं मानव सॅंसाधन और विज्ञान एवॅं प्राद्योगिकी मॅंत्रालय में सलाहकार था, नारायणमूर्ति जी आई० आई० एम० , अहमदाबाद के अध्यक्ष थे और कई विषयों पर मॅंत्रालय से अलग विचारों के लिये विवादों में भी आ जाते थे! पर, वे अपनी बात मजबूती से रखते थे और कौन क्या सोच रहा है, इसकी परवाह नहीं करते थे! यह कहना सही होगा कि हमारे यहां के अमीरों का लाइफ स्टाइल किसी राजा महाराज जैसा रहने लगा है। ये शादी ब्याह के अवसरों पर या फिर अपने घरों को खरीदने में सैकड़ों करोड़ रुपये फूंक देते हैं, जिसकी कोई जरूरत नहीं होती है। माइक्रोसाफ्ट के फाउंडर चेयरमेन बिल गेट्स से अधिक धनी कौन होगा। पर उनका जीवन सादगी भरा है। वे कमाए हुए धन के बड़े भाग का उपयोग लोक कल्याण के लिए करते हैं। इधर आनंद महिन्द्रा जैसे उद्योगपति भी हैं। महिन्द्रा एंड महिन्द्रा समूह के चेयरमेन आनंद महिन्द्रा अपनी पुत्री का विवाह सादगी के साथ करते हैं। उनके विवाह समारोह में तीन-चार दर्जन लोग रहते हैं। ये ही होना भी चाहिए। नारायणमूर्ति का लाइफ स्टाइल भी बहुत सादगी भरा है। वे अपने अरबों रुपयों के घर में नहीं रहते। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री श्रषि सुनक के ससुर नारायणमूर्ति जी की पत्नी सुधा जी को भी आप कोई बहुत महंगी साड़ी पहने हुए नहीं दिखेंगीं। दोनों पति-पत्नी लोक कल्याण के कार्यों में लग रहते हैं। रतन टाटा भी धन नहीं फूंकते। इस बीच, ये निश्चित रूप से विचारणीय मसला है कि किसी कंपनी के सीईओ को कितनी सैलरी मिले? सीईओ अपनी कंपनी का कप्तान होता है। तो क्या इस लिए उसे अपनी कंपनी के बाकी कर्मियों की अपेक्षा कई गुना अधिक पगार मिले ? क्या कंपनी के कर्मियों का उसे बुलंदियों में लेकर जाने में कोई रोल नहीं होता? क्या सिर्फ सीईओ ही अपनी कंपनी की सफलता का श्रेय ले ले? सीईओ को भारी-भरकम पगार मिलती रहे, इसके पक्ष में एक तर्क भी दिया जाता है। कहा जाता है किचूंकि वह अपनी मेहनत से शिखर पर पहुंचता है, इसलिए मोटी पगार पाना उसका हक बनता है। ? कुछ साल पहले देश की एक प्रमुख टायर कंपनी के सीईओ की पगार पर बवाल मचा था। उसने अपनी सालाना सैलरी में दस फीसद तक की वृद्धि कर ली हालांकि उसकी कंपनी का मुनाफा विगत वर्षों की तुलना में घट रहा था। अब एक सवाल? क्या कोई कर्मी खराब प्रदर्शन करने के बाद भी अपनी वेतन में मोटी वृद्धि की उम्मीद कर सकता है? नहीं। ये ही सवाल उस टायर कंपनी के सीईओ से क्यों नहीं पूछा जाता? जब देश में करीब पौन अरब आबादी एक लाख रुपये सालाना रुपये से कम पर गुजर -बसर करती हो तब ऐसी बर्बर पगार-विषमता को कैसे न्यायपूर्ण ठहराया माना जा सकता है? सरकार किसी भी दल या गठबंधन की रहे, क्या इतनी वीभत्स पूजीवादी व्यवस्था को झेलना चाहिए? आर्थिक उदारीकरण के पश्चात सैलरी में गुणात्मक सुधार हुआ है। सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों में काम करने वालों की सैलरी अब सम्मानजनक हो चुकी है। पर सैलरी में अंतर काफी बढ़ा है। इस स्थिति के कारण कर्मियों में तनाव और आपस में एक-दूसरे के प्रति अविश्वास और वैमनस्थ का भाव भी बढ़ा है। ये तो तस्वीर का एक पहलू था। दूसरा पहलू ये भी है कि हमारे यहां सफल उद्यमियों को लेकर समाज के एक वर्ग की बड़ी नेगेटिव राय रहती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सबसे शर्मनाक घटना जालियाँवाला बाग जघन्य हत्याकांड

**अशोक प्रवृद्ध**

**13 अप्रैल** 1699 के दिन सिखों के दसवें और अंतिम गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसीलिए इस दिन बैसाखी नामक पर्वपंजाब, हरियाणा और आस-पास के प्रदेशों में धूमधाम के साथ सबसे बड़े त्योहारके रूप में मनाया जाता है। सिख इसे सामूहिक जन्मदिवस के रूप में मनाते हैं। 13 अप्रैल 1919 को भी बैसाखी का दिन था, औरपूरा भारत अपना प्रमुख त्योहार बैसाखी मना रहा था।भारत के पंजाब प्रान्त के अमृतसर में भी13 अप्रैल 1919 कोबैसाखी के दिन सैंकड़ों वर्षों से लगते आ रहे एक मेले में हजारों लोग दूर-दूर से हरमन्दिर साहिब गुरुदुवारे में गुरुजी के दर्शन करने और बैसाखी का त्यौहार मनाने पहुंचे थे।स्वर्ण मन्दिर के निकटअवस्थित जालियांवाला बाग में भी बहुत सारे बच्चे-बूढ़े, महिलाएं इकट्ठे हो प्रसन्नतापूर्वक बैसाखी मना रहे थे। लेकिन बैसाखी मना रहे लोगों पर रौलेट एक्ट का विरोध करने के लिए एकत्रितहोने का आरोप लगाकर जनरल डायर नामक एक ब्रिटिश अधिकारी ने अकारण ही गोलियाँ चलवा दीं, जिसमें चार सौसे अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी और दो हजार से अधिक लोग घायल हो गए थे।

अंग्रेजों के द्वारा सभा की भीड़ में गोली चालन कर अकारण ही नृशंस रूप से चार सौ से अधिक भारतीयों को गोली मार हत्या कर देने और दो हजार से अधिक लोगों को घायल कर देने की घटना ने भारतीय मानस को व्यापक रूप से प्रभावित किया। अंग्रेजों के प्रति भारतीयों का मन घृणा से भर गया, और वे विदेशी शासन से मुक्ति के लिए हर सम्भव प्रयास करने को तैयार होने लगे।इतिहासकारों के अनुसारभारतीय स्वाधीनता संग्राम की सघर्ष कथा, घटनाएँ, आंदोलन, जनश्रुति, किम्बदन्ति तो अनन्त हैं, परन्तु यदि किसी एक घटना ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर सबसे अधिक प्रभाव डाला था, तो वह घटना जालियाँवाला बाग जघन्य हत्याकांड ही था, जो भारत में ब्रिटिश शासन के अंत की शुरूआत बनी।यही कारण है कि इस घटना कोभारतीय इतिहास में जालियांवाला बाग जघन्य हत्याकांड के नाम से स्मरण किया जाता है।

# झूठ राज कर रहा है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**समाचार पत्र** के पहले पन्ने पर छपा था झ समुद्री लहरों से बिजली उत्पादन, हुआ फलाँ देश से करार। पढ़कर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ। अब धरती के भीतर बचा ही क्या है? खुदाई पर खुदाई करते जायेंगे तो खुदा की खुदाई शर्माएगी नहीं तो क्या ब्रेक डैंस करेगी? वह तो बच्चे हैं जो गुब्बारे में हवा भरकर धरती को फुलाए रखे हैं! पेट्रोल के चक्कर में इंसान पे के साथ-साथ टे-टे करते-करते इतना ट्रोल हो रहा है कि पूछो मत। बहुत जल्द डीजल का नाम बदलकर दिल जल करने का प्रस्ताव जनता की संसद में जारी होने वाला है। मिट्टी का तेल तो कब का निकल चुका। अब बचा ही क्या धरती में जो उसमें से निचोड़ोगे। ईंधन के बिना जानवर जी सकते हैं, इंसान कतई नहीं। यहाँ खिसकन, घिसकन के लिए भी इंसान ईंधन मांगता है। पंचतत्व में विलीन होने से पहले इंसान पंचतत्व की बैंड बजाकर छोड़ता है। ईंधन की भूख ने पंचतत्वों को कहीं का नहीं छोड़ा। वायु, अग्नि, धरा, गगन, जल में से जो मिला, जैसे मिला, जहाँ मिला उसका जैसे चाहा तैसे, जब चाहा तब खूब इस्तेमाल किया। थोड़ी देर के लिए दोस्त की बाइक मिल जाए तो जो कुटाई होती है, वही हालत पंचतत्वों की है। तत्व तो कब के हवा हो गए अब तो केवल इंसानों के लिए पंच बचा है। वैज्ञानिकों ने बहुत पहले कह रखा था कि हिलने-डुलने और हर सड़ने वाली चीज से ऊर्जा पैदा की जा सकती है। विश्वास न हो तो इंसान को ही ले लो। यह जितना हिलता-डुलता और सड़ता है उतना ही उत्पात मचाकर छोड़ता है। समुद्री लहरों से बिजली पैदा हो न हो इंसानी धड़कनों से जरूर पैदा हो सकती है। सड़ते अंधविश्वासों से अविश्वसनीय बिजली का महारूप तैयार किया जा सकता है। नेताओं की लंबी-लंबी फेंकने से भी ईंधन का विकराल रूप प्रकट हो सकता है। अब तो रेडियो, टीवी, सोशल मीडिया हर जगह इन्हीं फेंकुओं की धूम है। इनकी ईर्ष्यागाथा से विरोधियों के पेट में जो मराड़ पैदा होती है, उससे भी बिजली पैदा की जा सकती है। इन फेंकुओं के मुख पर पाइप लगा दें तो इतनी बिजली पैदा होगी कि आने वाली अनंत पीढ़ियों को बिजली तो क्या किसी चीज की कमी नहीं पड़ेगी। कभी-कभी ख्याल आता है कि ईर्ष्या के बजाय झूठ से बिजली पैदा की जाए तो कैसा रहेगा!

# करीब दस लाख का सोना चुराने वाले तीन आरोपी काबू

## एक कोरियर में रखा करीब 10 लाख रुपए कीमत का सोना चोरी करके मौका से फरार हो गए थे




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सीआईए** वन की टीम द्वारा तीन ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो रैकी करके एक कोरियर कम्पनी की गाड़ी में सवारी बनकर बैठे और रास्ते में उस गाड़ी के रुकने पर एक कोरियर में रखा करीब 10 लाख रुपए कीमत का सोना चोरी करके मौका से फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस टीम द्वारा तीन आरोपियों श्याम सुंदर उर्फ श्याम पुत्र ईश्वर सिंह वासी नजदीक भिवानी चुंगी कलानौर रोहतक, मनजीत पुत्र ईश्वर सिंह वासी बांसो गेट करनाल व कमल उर्फ कालू पुत्र सतपाल सिंह वासी भगत मंडी शोरगिर बस्ती करनाल को विश्वसनीय सूचना पर थाना शहर करनाल के एरिया से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी श्याम सुन्दर पहले उक्त कोरियर कम्पनी में काम करता था। जिसके कारण आरोपी को पता था कि कब, किस कम्पनी का क्या सामान कोरियर के माध्यम से दिल्ली से चण्डीगढ़ जाता है और बीच में गाड़ी कहां पर रूकती है। उक्त कम्पनी से काम छोड? के बाद आरोपी ने करनाल के रहने वाले अपने दो रिस्तेदारों के साथ मिलकर गाड़ी में से सोना चोरी करने की योजना बनाई। आरोपी ने वारदात से पहले करनाल के रहने वाले अपने दोनों रिश्तेदारों आरोपी मनजीत व कमल को दिल्ली बुला लिया और दोनों को कोरियर ले जाने वाली गाड़ी में बड़े ही शातिर तरीके से सवारी बनाकर बैठा दिया। आरोपी श्याम सुन्दर अपनी गाड़ी में सवार होकर कोरियर वाली गाड़ी के पीछे-पीछे चलने लगा। जब कोरियर वाली गाड़ी चाय पानी के लिए नीलोखेडी के पास डिवाइन स्टार ढाबे पर रुकी तो दोनों आरोपी गाड़ी में ही बैठे रहे। जब ड्राईवर चाय पानी के लिए गाडी से उतरकर गया तो आरोपी मौका पाकर गाड़ी की डिग्गी खोलकर सोने का पार्सल चोरी करके पीछे-पीछे चल रही आरोपी श्याम सुन्दर की गाड़ी में बैठकर मौका से फरार हो गए।

आरोपी पकड़े ना जाएं इसके लिए आरोपियों ने पार्सल में लगा जीपीएस भी निकाल कर फेंक दिया। ड्राईवर जब चाय पानी पीकर बाहर आया तो उसने देखा कि दोनों लडके गाड़ी में नहीं है तो वह उनका कुछ देर इंतजार करने के बाद अपने गंतव्य पर चला गया। जब अपने गंतव्य पर पंहुचकर ड्राईवर ने देखा तो उसमें से सोने का पार्सल गायब मिला। प्रारम्भिक जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपियों ने लालच व जल्दी पैसा कमाने के चक्कर में उक्त वारदात को अंजाम दिया था। इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता मोहम्मद इमरान आलम वासी आन्नद विहार उत्तम नगर दिल्ली ने 8 अप्रैल को थाना बुटाना में एक शिकायत देते हुए बताया कि कोनफिकोर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कोरियर कम्पनी चलाता है। उसने एक कम्पनी कैराटलेन के साथ उसके पार्सल डिलीवर करने का एग्रीमेंट किया हुआ है। 7 अप्रैल को उसके एक गाडी में दिल्ली से चण्डीगढ़ के लिए पार्सल भेजा था और उसने सारा वृतांत पुलिस को बताया। इस संबंध में थाना बुटाना में 8 अप्रैल को भादंसं की धारा 379, 420 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपियों को आज अदालत में पेश करके पुलिस रिमाण्ड पर लिया जाएगा।

# 'नशा मनुष्य के जीवन को नरक के समान बना देता है'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो द्वारा संस्कृति मॉडर्न स्कूल और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चिडाव में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्कृति मॉडर्न स्कूल के निदेशक दिलबाग सिंह, प्रदीप राणा और प्राचार्या रजनी नरवाल की उपथिति में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ तो दूसरी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या विनीता शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार ने दोनों विद्यालयों में विद्यार्थियों को अलग-अलग से नशे से दूर रहने के लिए विस्तारपूर्वक जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नशामुक्त हरियाणा को लेकर ब्यूरो का गठन किया है। ब्यूरो दो प्रकार से नशा मुक्त हरियाणा पर कार्य कर रहा है। नशा मनुष्य के जीवन को नरक के समान बना देता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रदत्त एनडीपीएस अधिनियम 1985 के अंतर्गत भारत के भीतर कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित नशे जिसमे अफीम चरस हेरोइन स्मैक चिट्टा आदि का सेवन नहीं कर सकता और न ही क्रय विक्रय और तस्करी आदि कर सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### विधवा प्रकोष्ठ की त्रैमासिक बैठक आयोजित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जसबीर ने बताया कि हरियाणा सरकार की अधिसूचना के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में विधवा प्रकोष्ठ की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी के प्रतिनिधि केपी राणा द्वारा विधवाओं से संबंधित डाटा प्रस्तुत किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं से संबंधित समीक्षा प्रस्तुत किया गया। बैठक के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, मुकेश कुमार, डेप्युटी सुपरीटेंडेंट पुलिस तथा डॉ. सरोज, डिप्टी चीफ मेडिकल ऑफिसर, स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय प्रभारी भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि यह सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकवार सर्वेक्षण करने का संकल्प लिया गया कि विधवाओं के लिए लाभकारी योजनाएं जमीनी स्तर तक पहुंचे और विधवाओं को इनके लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जिला समाज कल्याण अधिकारी विभाग से आए केपी राणा ने बताया कि आज की स्थिति में समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला करनाल में 56516 विधवाओं को पेंशन का वितरण किया जा रहा है। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (विधवाओं को कानूनी सेवाएं) योजना, 2020 के मद्देनजर यह संकल्प लिया गया कि जिला समाज कल्याण विभाग 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की विधवाओं सहित सभी व्यक्तियों की पहचान करेगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

# जगमोहन आनंद ने पत्रकारों की पेंशन राशि में वृद्धि करने पर सीएम का किया धन्यवाद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री** के मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनन्द ने पत्रकारों को मिलने वाली पेंशन राशि में वृद्धि करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया है और कहा है कि मुख्यमंत्री ने सदैव मीडियाकर्मियों के हितों का ध्यान रखा है। 60 वर्ष की आयु में मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मियों को पेंशन देने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। यही नहीं प्रत्येक जिला में मीडिया कर्मियों के लिए मीडिया सेंटर की स्थापना भी मुख्यमंत्री की मीडिया फ्रेंडली सोच है। बता दें कि हरियाणा सरकार ने पत्रकारों के हित में एक और निर्णय लेते हुए पत्रकार पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 60 वर्ष से अधिक आयु के मान्यता प्राप्त मीडिया कर्मियों को मिलने वाली पेंशन राशि में बढ़ोतरी की है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस आशय के प्रस्ताव को आज मंजूरी प्रदान कर दी है। अब केंद्र सरकार द्वारा तय मानदंडों के अनुसार डीए में की जाने वाली वृद्धि के अनुपात में पत्रकारों की पेंशन राशि में वृद्धि की जाएगी उन्होंने कहा कि 26 अक्टूबर 2017 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकार पेंशन योजना की शुरूआत की थी।

# 19 दुकानदारों में से 11 ने डिमांड नोटिस के बाद जमा करवाई राशि



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री** शहरी स्वामित्व योजना के अंतर्गत, डिमांड नोटिस प्राप्त करने वाले 19 दुकानदारों में से 11 दुकानदारों ने दुकानों का मालिकाना हक लेने के लिए समस्त राशि जमा करवा दिया है, 8 ने कुल राशि का 25 प्रतिशत जमा करवा दिया है। नगर निगम की ओर से इनको शेष राशि जमा करवाने की अपील की गई है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने मंगलवार को बताया कि जिन दुकानदारों ने मालिकाना हक लेने के लिए पूरी राशि जमा करवा दी है, वह अब जल्द रजिस्ट्री करवा लें। इसके लिए उन्हें सभी दस्तावेजों के साथ तहसील कार्यालय में जाना होगा। रजिस्ट्री करवाने के लिए नगर निगम की ओर से जितेन्द्र मलिक, डिलिंग सहायक की ड्यूटी लगाई गई है। निगमायुक्त ने बताया कि आवेदक या दुकानदार द्वारा कन्वेंस डीड की एनओसी के लिए, नियमानुसार दुकान की भूमि से सम्बंधित विकास शुल्क, जल सीवरेज उपयोग शुल्क तथा ठोस अवशेष शुल्क को ऑनलाईन नगर निगम कार्यालय में जमा करवाना होगा। उन्होंने बताया कि डिमांड नोटिस प्राप्त होने उपरांत कुल राशि का 25 प्रतिशत भुगतान 15 दिनो के अंदर-अंदर जमा करवाने के बाद शेष राशि का पूर्ण भुगतान 3 माह के अंदर-अंदर जमा करवाना होता है। इसके अलावा कन्वेंस डीड पर आने वाले रजिस्ट्रेशन व स्टैम्प ड्यूटी तथा अन्य खर्चे भी आवेदक द्वारा वहन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा योजना से सम्बंधित व नगर निगम कार्यालय द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले दिशा-निदेर्शों की पालना के लिए आवेदक बाध्य होंगे। भविष्य में कार्यालय नगर निगम करनाल की ऑडिट ब्रांच तथा चण्डीगढ़ मुख्यालय पर ए.जी. ऑडिट द्वारा पोस्ट ऑडिट के दौरान यदि कोई शुल्क या अन्य देय राशि नियमानुसार सम्बंधित भूमि को लेकर बकाया निकलती है, तो उसे भी 15 दिनो के अंदर-अंदर भरने के लिए आवेदक बाध्य होंगे। इसे लेकर प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट का शपथ पत्र सत्यापित करवाकर नगर निगम कार्यालय में देना होगा। निगमायुक्त ने नगर निगम की रेंट बेस दुकानों का मालिकाना हक प्राप्त करने वाले आवेदकों से अपील करते कहा है ताकि कार्यालय द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

# सरकारी अवकाश सूची में महर्षि वाल्मीकि जयंती के दिन महाराजा अजमीढ़ की जयंती भी जोड़ी जाएगी: मनोहर लाल




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जयंती के दिन ही महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती भी मनाई जाती है। ऐसे में सरकारी अवकाश सूची में उस दिन महर्षि वाल्मीकि जयंती के साथ-साथ महाराजा अजमीढ़ जयंती को भी जोड़ा जाएगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को मैढ़ क्षत्रिय सुनार सभा द्वारा सैक्टर 13 में स्थित महाराज अजमीढ़ चौंक पर आयोजित कार्यक्रम में, सभा द्वारा रखी गई मांग को पूरा करते हुए की। कार्यक्रम में सभा के प्रधान रामभज वर्मा ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और मांग रखी। इस अवसर पर महाराजा अजमीढ़ की विशाल मूर्ति का अनावरण भी किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा अजमीढ़ ऐसे महापुरुष हुए, जिन्होंने राजस्थान में अजमेर शहर को बसाया।

# परिवार उत्थान मेलों के लिए पात्र परिवारों को किया जाएगा प्रोत्साहित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** अतिरिक्त जिला उपायुक्त डॉ.वैशाली शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के मेलों के लिए पात्र परिवारों को मेले में पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए 13 अप्रैल से प्री-मेला काउंसलिंग शुरू की जाएगी। इसके तहत पात्र परिवारों के घर-घर जाकर सरकार की अलग-अलग लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और मेले में पहुंचने को लेकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

# छह गुमशुदा बच्चों को उनके परिवार से मिलाया



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा में मानव तस्करी के खिलाफ और बंधुआ मजदूरों को रेस्क्यू करने के लिए अप्रैल माह में स्पेशल अभियान ऑपरेशन स्माइल शुरू किया हुआ है। इसके तहत गुमशुदा बच्चों को खोजना और उनके परिवार से मिलवाया जाता है। करनाल पुलिस द्वारा इस मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाना और मानव तस्करी से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। अप्रैल माह के पहले हफ्ते में करनाल पुलिस के पुलिस थाना रामनगर, सदर, सेक्टर 32-33, सिविल लाईन, शहर व थाना तरावडी की टीम द्वारा अपने-अपने एरिया से गुम हुए छह बच्चों को खोजकर उनके परिजनों से मिलवाकर उनके परिजनों को उनकी खुशियां लौटाकर सराहनीय कार्य किया है। खोजे गए बच्चों में पांच लडकियां व एक लडका शामिल है। इनमें से पांच बच्चे नाबालिग व एक लडकी बालिग है। इन बच्चों को खोजकर बाल कल्याण समिति के सम्मुख पेश करके काउंसलिंग करवाई गई और पांच बच्चों को उनके परिजनों के हवाले किया गया। एक लडकी के परिजनों की तलाश जारी है। उसके परिजनों की तलाश करके उसे भी उसके परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा। फिलहाल उसे सेल्टर होम में रखा गया है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा और उनके उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए उच्च अधिकारियों के निदेर्शानुसार जिला पुलिस द्वारा ऑपरेशन स्माइल चलाया जा रहा है। ऑपरेशन स्माइल के तहत स्कूल की बजाय किसी जगह पर कार्य करने, भीख मांगने वाले बच्चों का रेस्क्यू करना व अपने परिजनों से बिछडे हुए बच्चों को खोजकर उनकी काउंसलिंग की जाती है और उनके परिजनों के हवाले किया जाता है। इसके अलावा उनके माता-पिता को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक किया जाता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस का यह अभियान बहुत ही सराहनीय है। , जिससे बहुत से बच्चों का जीवन सकारात्मक दिशा में पथ प्रदर्शित होगा और वह पढ़-लिखकर एक अच्छे समाज का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे इस देश का भविष्य है और शिक्षा किसी भी इंसान के लिए बहुत जरूरी होती है।

# 'सूर्य नमस्कार पूरे शरीर के लिए एक महत्वपूर्ण व्यायाम'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के तत्वाधान में सवा लाख सूर्य नमस्कार का अभियान जोर पकड़ रहा है। मिशन की सभी कक्षाओं में शहर के विभिन्न स्थानों से लोग पहुंच रहे हैं। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस अभियान में डॉक्टर सतपाल और डॉ. अमित पुंज विशेष रूप से सहयोग दे रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत दिनेश गुलाटी ने सेक्टर 14 कृष्णा मंदिर में पहुंचकर सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराते हुए सभी से बढ़ चढकर इस अभियान में भाग लेने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में बेहद फायदेमंद है। सदियों काल से लोग भगवान सूर्य की पूजा करते आ रहे हैं। स्वास्थ्य के नजरिए से देखा जाए तो सूर्य नमस्कार हमारी कई बीमारियां दूर करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि आज कोरोना फिर से दस्तक दे रहा है और कोरोना वायरस जैसी खतरनाक बीमारियों से भी काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सुबह के समय नियमित सूर्य नमस्कार करने की आदत कई तरह के हेल्थ प्रॉब्लम से बचाती है। इसके द्वारा पाचन तंत्र मजबूत होता है और पेट संबंधित समस्या दूर होती है। इसके अलावा सूर्य नमस्कार शरीर में लचीलापन पैदा करने के लिएए वजन को कम करने, शरीर की ऊर्जा को बनाए रखने और सभी तरह के शरीर के दर्द को खत्म करने के लिए बहुत लाभकारी है। सूर्य नमस्कार करते समय हम लंबी सांस लेते हैं, जिसकी वजह से हमारे शरीर में होने वाली बेचैनी और तनाव बहुत हद तक दूर होता है।

# परिचित बनकर लाखों की ठगी करने के मामले में तीन आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। थाना** साइबर की टीम द्वारा तीन ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर पीड़ित व्यक्ति देशपाल वासी सेक्टर-13 करनाल का परिचित बनकर उसे फोन करके करीब 6.5 लाख रुपए ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस टीम द्वारा तीन आरोपियों आशु राघव पुत्र सलेस सिंह वासी बडौली जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश हाल गुरूग्राम हरियाणा, अविनाश पुत्र बूनिल वासी फाजिल्का पंजाब हाल सेक्टर-37 गुरूग्राम व हर्ष पुत्र उपेन्द्र वासी उत्तरांचल विहार सोसायटी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को 8 व 9 अप्रैल को गुरूग्राम व गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि इस वारदात का मास्टरमाइंड आरोपी विकास वासी उत्तर प्रदेश नाम का व्यक्ति है। गिरफ्तार किए गए आरोपी लोगों से उनके कागजात लेते थे और उन कागजातों के आधार पर अलग-अलग बैकों में उनके खाते खुलवाते थे। इसके बदले में वह लोगों को कुछ रुपए देते थे। खाते खुलवाने के बाद आरोपी इन खातों को मास्टरमाइंड आरोपी विकास को दे देते थे और उससे इसके बदले में ज्यादा रुपए लेते थे। जिसके बाद आरोपी विकास अलग-अलग नम्बरों से लोगों का जानकार बनकर उनके पास फोन करता था और लोगों को बातों में फंसाकर उनसे इन खातों में रुपए ट्रांसफर करवा लेता था। इस वारदात के संबंध में शिकातयकर्ता देशपाल वासी सेक्टर-13 करनाल ने 24 जनवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक शिकायत देते हुए बताया था कि 9 दिसम्बर 2022 को उसके पास अमेरिका के एक अज्ञात नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने अपने आप को शिकायतकर्ता का जानकार सूरत सिंह ग्रेवाल बतलाया। इसके बाद फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह उसके खाते में अमेरिका से कुछ धनराशि भेजना चाहता है। जब शिकायतकर्ता ने पूछा कि आपके कई रिस्तेदार यहां रहते हैं तो मेरे पास ही पैसे क्यों भेजना चाहते हो। तो फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि मुझे आप पर ज्यादा भरोसा है, इसलिए पैसे किसी और को नहीं भेज सकता। इसके बाद आरोपी ने शिकातयकर्ता के फोन पर 7.12 लाख रुपए जमा करने का मैसेज भेजा और आगामी 24 घण्टे में पैसे खाते में आने की बात कही। इसके अलावा आरोपी ने दोबारा करीब 9.5 लाख रुपए भेजने का मैसेज भेजा और किसी वजह से पैसे बीच में फंसे होने की बात करने लगा और कहा कि जल्द ही सारे पैसे आपके खाते में आ जाएंगे। इस दौराने आरोपी ने शिकायतकर्ता को अपनी बातों में फंसाकर विभिन्न खातों में बहाने से 6.5 लाख रुपए की राशि ट्रांसफर करवा ली। जब शिकायतकर्ता के खाते में एक भी रूपया नहीं आया तो उसको संदेह हुआ कि किसी व्यक्ति ने उसका जानकार बनकर उसके साथ 6.5 लाख रुपए धोखाधडी की वारदात को अंजाम दिया है। जब इस संबंध में उसने अपने असल जानकार सूरत सिंह ग्रेवाल से पता किया तो उसने ऐसी बात से इंकार कर दिया। जिसके बाद इस संबंध में शिकायतकर्ता के ब्यान पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ साइबर अपराध थाना करनाल में 30 जनवरी को भादंसं की धारा 419, 420, 120बी के तहत मामला दर्ज किया गया।

# भाजपा जिला केशवपुरम में संगठनात्मक बैठक का आयोजन








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद विरेन्द्र सचदेवा अब आगामी दो सप्ताह तक सभी जिलों में संगठनात्मक प्रवास कर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। जिसकी शुरूआत जिला केशवपुरम से की गई है। भाजपा जिला केशवपुरम के मीडिया प्रभारी विनोद शर्मा ने बताया कि सोमवार को जिला की संगठनात्मक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, सांसद डॉ. हर्षवर्धन और जिला प्रभारी श्याम शर्मा का प्रवास रहा। संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राज कुमार भाटिया ने की। संगठनात्मक बैठक में जिला पदाधिकारी, पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रदेश टीम सदस्य, मण्डल अध्यक्ष व महामंत्री, निगम पार्षद, विधानसभा व निगम प्रत्याशी और खण्ड प्रमुख उपस्थित रहे। संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने सभी खण्ड प्रमुखों से उनके बूथ स्तर की जानकारी ली और बूथ सशक्तिकरण हेतु अधिक से अधिक कार्यकर्ताओ को जोड़ कार्य विभाजन पर टिप्स दिए। सांसद डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि बीते नौ वर्षों में केंद्र सरकार के द्वारा चाँदनी चौक लोकसभा समेत दिल्ली में अनेकों उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं। हम लगातार नौ साल से जनहित में कार्य कर रहे है और उनके परिणाम भी सकारात्मक हैं। विरेन्द्र सचदेवा ने अपने सम्बोधन में कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार राष्ट्रवाद, विकास और गरीब कल्याण को समर्पित है। आज विदेशों में भी भारत के प्रति सरकारों व लोगों का नजरिया बदला है। हमें पीएम के संदेशो को समाज के अंतिम व्यक्ति तक लेकर जाना है।


आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी बनने पर आम आदमी पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा व रमेश शर्मा व अन्य।

## कांग्रेस पार्टी ने जो कहा, वह करके दिखाया: ननवा प्रधान

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। उक्त बातें ननवा राम प्रधान ने कही। एक अन्य सवाल के जवाब में ननवा राम प्रधान ने कहा कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है, लेकिन



सरकार महंगाई कम करने की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने बताया कि साल में कई बार तो दूध के दाम बढ़ाये गये है व अन्य चीजों के दाम भी बढ़ाये गये है। जिससे लोग परेशान हो रहे है।


गुरुद्वारा निमड़ी कॉलोनी में निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी का स्वागत करते हुए गुरुद्वारे के पदाधिकारी।

# राजा गार्डन: शिवाजी कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया 62वां वार्षिकोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिवाजी** कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 62वाँ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान में राज्यसभा सांसद बिप्लब कुमार देब मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रोफेसर पंकज अरोड़ा, कॉलेज के प्रबंध समिति के चेयरमेन प्रोफेसर राकेश पाराशर, प्रबंध समिति के सदस्य बलदेव राज, कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शिवकुमार सहदेव तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ दिव्या मदान, कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी एवं








समस्त विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शिव कुमार सहदेव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बिप्लब कुमार देब ने छात्रों से और अधिक आत्म विश्वासी बनने और भविष्य की सभी सफलताओं के लिए अपना रास्ता स्वयं बनाने का आग्रह करते हुए एक प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने शिवाजी के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर समाज एवं देश निर्माण के लिए युवाओं को अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पक्षों पर भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रोफेसर राकेश कुमार, अध्यक्ष, शासी निकाय, शिवाजी निकाय ने संकाय सदस्यों की कड़ी मेहनत और संस्थान के विकास में योगदान के लिए उनकी प्रशंसा की।
इस अवसर पर विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। आयोजन समिति के संयोजक डॉ दिव्या मदान द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## असहायों की मदद के लिए सभी आये आगे: खेमचंद सैनी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए। सत्य की डगर कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो व्यक्ति इस राह पर चलता ही रहता है, वह एक दिन अवश्य ही कामयाब होता है, इसलिए सभी सत्य का साथ दे और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।
उक्त बातें बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी खेमचंद सैनी ने की। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व वंचितों की



सहायता करनी चाहिए, जिससे की गरीबों का भी कल्याण हो सके। उन्होंने कहा कि गरीबों व असहायों की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य के भागीदार बने और गरीबों की मदद करें।

## वजीरपुर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर जेजे कॉलोनी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में श्रीबाला जी समिति के द्वारा अखण्ड रामायण, श्री हनुमान जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया गया और सुन्दर काण्ड पाठ का भी आयोजन किया गया। समिति के प्रधान संजय तिवारी और उपप्रधान डॉ.एम.के. भारती ने बताया कि बजरंग बली की सच्चे मन से जो भी आराधना करता है, बजरंग बली उसकी अवश्य ही सुनते है। इस मौके पर श्रीबालाजी समिति के प्रधान संजय तिवारी, उपप्रधान डॉ.एम.के. भारती के अलावा कोषाध्यक्ष विजय पंडित, सलाहकार विनोद कश्यप, सुमित कुमार, प्रचार मंत्री राजेश नागोरी, दिनेश कुमार, राहुल, मंत्री मुरारी, व्यवस्था मंत्री रूपेश राइकवार, परमानन्द, तीरथ राज, हरिबाबू, राकेश कुमार के अलावा कई भक्तगण मौजूद रहे और प्रभु का गुणगान किया।

## 'सभी को पेड़-पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। जिससे की क्षेत्र का वातावरण हरा-भरा नजर आये। उक्त बातें अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कही। उन्होंने कहा कि पौधारोपण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें। क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा भी



करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए।

## भारतीय जनता पार्टी ने देश में विकास करके दिखाया: साहिल वासन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
देश के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। क्योंकि पीएम मोदी ने देश में विकास करे दिखाया है। यही कारण है कि आज देश के हर वर्ग के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की सराहना कर रहे है। उक्त बातें भाजपा के युवा नेता साहिल वासन ने कही। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा के राज में आज देश में विकास ही विकास देखने को मिल रहा है। देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है। भारतीय



जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। तभी तो लोग भाजपा के कार्यों से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का कार्यकर्ता मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। श्री वासन ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली में विकास की गति काफी ज्यादा धीमी है और लोग विकास कार्यों को तरस रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी को दिल्ली के विकास पर ध्यान देना चाहिए।

## वादे की पक्की हैं आम आदमी पार्टी: विनित महेश गौतम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी के युवा नेता विनित महेश गौतम ने कहा कि आम आदमी पार्टी की कथनी और करनी में तनिक भी फर्क नहीं है। आम आदमी पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है। यही कारण है कि आज सभी आम आदमी पार्टी से जुड़ना चाहते है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में विकास करके दिखाया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर दिल्ली के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होने आगे बताया कि



आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली के लोग काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने आगे बताया कि विधायक संजीव झा ने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में काफी विकास करके दिखाया है।


बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव झा विधानसभा के समस्त आरडब्ल्यूए के पदाधिकारिओं के साथ कॉलोनियों में चल रहे विकास कार्यों और समस्याओं पर संवाद करते हुए। साथ में है बुराड़ी विधानसभा आम आदमी पार्टी के सचिव जय प्रकाश यादव व अन्य।



# राजस्थान में रेल सम्पर्क के नये युग की शुरुआत

# वंदे भारत की सौगात

## अजमेर - दिल्ली कैन्ट वंदे भारत एक्सप्रेस

(जयपुर से उद्घाटन)

## नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री**

**द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ**

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

12 अप्रैल, 2023 | प्रातः 10:30 बजे | जयपुर रेलवे स्टेशन




### वंदे भारत एक्सप्रेस की प्रमुख विशेषताएं

- हाई राइज ओएचई पर चलने वाली देश की पहली वंदे भारत
- अब 5 घंटे 15 मिनट में अजमेर से दिल्ली कैन्ट, 1 घंटे की बचत
- दिल्ली से तीर्थ नगरी पुष्कर की बेहतर कनेक्टिविटी
- राजस्थान में धार्मिक पर्यटन और उच्च शिक्षा को बढ़ावा
- 360 डिग्री घूमने वाली सीट और अत्याधुनिक एयरकंडीशनिंग सिस्टम
- टच–फ्री सुविधाओं के साथ बायो वैक्यूम शौचालय
- औद्योगिक क्षेत्र किशनगढ़ व ब्यावर तथा स्मार्ट सिटी अजमेर में आर्थिक विकास को बढ़ावा
- कवच (टक्कर–रोधी प्रणाली) एवं अत्याधुनिक आग नियंत्रण प्रणाली से युक्त
- दिव्यांगजनों के अनुकूल वॉशरूम, सीट हैंडल और ब्रेल लिपि में सीट नंबर

### गरिमामयी उपस्थिति

**कलराज मिश्र**
राज्यपाल, राजस्थान

**अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

| 20977 अजमेर – दिल्ली कैन्ट वंदे भारत एक्सप्रेस | | ↓ स्टेशन ↑ | 20978 दिल्ली कैन्ट – अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 06:20 | अजमेर | 23:55 | -- |
| 11:35 | -- | दिल्ली कैन्ट | -- | 18:40 |

ठहराव: जयपुर, अलवर एवं गुड़गांव स्टेशन, चलने के दिन: (सप्ताह में 6 दिन) बुधवार को छोड़कर






# भारतीय रेल

डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

www.indianrailways.gov.in

Follow us on /Railminindia